# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी








## हरिभूमि की खबर पर मुहर

# सीएम साय ने समझा किसानों का दर्द धान खरीदी की तारीख चार दिन और बढ़ी

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तारीख चार दिन और बढ़ गई। अब चार फरवरी तक धान खरीदी होगी। हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित इस खबर पर अब मुहर लगी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संकेत दिए थे कि राज्य में धान की खरीदी की अवधि बढ़ेगी। इस संबंध में मंगलवार रात में आदेश जारी कर दिया गया है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया से चर्चा में संकेत दिए थे कि राज्य में धान खरीदी की तारीख बढ़ाई जाएगी। इस संबंध में राज्य शासन के खाद्य विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। राज्य में एक नवंबर 2023 से धान खरीदी शुरू की गई थी, जो 31 जनवरी 2024 तक की जानी थी, लेकिन बड़ी संख्या में किसान धान नहीं बेच पाए थे। ऐसे में राज्य सरकार ने तारीख बढ़ाकर बड़ी राहत दी है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### इतिहास में पहली बार रविवार को खरीदा जाएगा धान

*छत्तीसगढ़ में अब 4 फरवरी तक धान खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धान खरीदी की अंतिम तिथि को बढ़ाते हुए 4 फरवरी रविवार तक धान खरीदी जारी रखने के निर्देश दिए हैं। बताया गया है कि मुख्यमंत्री ने किसानों की दिक्कतों के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हुए रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद धान खरीदी की अंतिम तिथि को 4 फरवरी रविवार तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।* ▶▶| शेष पेज 4 पर



### अब तक 138.78 लाख मीट्रिक टन की खरीदी

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का ग्राफ प्रतिदिन ऊपर चढ़ता जा रहा है। राज्य में अब तक 138.78 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में इस साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का परिपालन सुनिश्चित करते हुए ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 24 लाख 18 हजार किसानों ने बेचा है धान

मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 24 लाख 18 हजार 694 किसान धान बेच चुके हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के राज्य में 26 लाख 85 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग भी समांतर रूप से जारी है। मिलर्स द्वारा खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव लगातार किया जा रहा है। अब तक 102 लाख 37 हजार 525 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा 92 लाख 38 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।






# बस्तर में आज ही खुला था नया कैंप नक्सलियों का धावा, तीन जवान शहीद

### टेकलगुड़ेम में सीआरपीएफ जवानों पर बड़ा हमला, चार घंटे चली मुठभेड़, 15 घायल



- सर्चिंग पार्टी को नक्सलियों ने घेरकर की फायरिंग
- टेकलगुड़ेम के इसी स्पॉट में वर्ष 2021 में 23 जवानों की हुई थी शहादत

**बस्तर में सीआरपीएफ कैंप पर नक्सलियों ने बड़ा हमला कर दिया। इस हमले में तीन जवान शहीद हो गए, वहीं 14 घायल हो गए। बताया जा रहा है कि नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसने और इलाके के लोगों को सहायता देने के लिए 30 जनवरी को ही सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया था और नक्सलियों ने फायरिंग कर दी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर-सुकमा जिले की सरहद स्थित टेकलगुड़ेम में मंगलवार दोपहर नक्सलियों ने हमला किया। हमले में शहीद जवानों में कोबरा 201 बटालियन के आरक्षक देवन सी, आरक्षक पवन कुमार व सीआरपीएफ 150 बटालियन के आरक्षक लाम्बधर सिन्हा शामिल हैं।

टेकलगुड़म का यह वहीं स्पॉट है, जहां वर्ष 2021 में नक्सली हमले में 23 जवानों की शहादत हुई थी। यह पूरा इलाका नक्सलियों का वर्चस्व वाला क्षेत्र माना जाता है, जहां मंगलवार को नए कैंप खोलने के बाद सर्चिंग कर रहे डीआरजी, कोबरा व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी को निशाना बनाते ▶▶| शेष पेज 4 पर



**घायल जवानों से मिले सीएम**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप बालाजी अस्पताल पहुंचे और घायल जवानों से मुलाकात की।

### कई नक्सलियों को भी लगी गोली

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को भी गोली लगी है। इंटेलिजेंस रिपोर्ट के मुताबिक नक्सली एक बार फिर साल 2021 की तरह ही जवानों को बड़ा नुकसान पहुंचाने के लिए टेकलगुड़ेम कैंप में हमला करने की तैयारी में थे। वहीं लगभग 2 सौ की संख्या में नक्सलियों ने जवानों को एम्बुश में फंसाने में कामयाब रहे। हालांकि नक्सलियों को मुठभेड़ से कितना नुकसान हुआ, इसका खुलासा नहीं हो सका है।



### यहीं शहीद हुए थे 23 जवान

गौरतलब है कि टेकलगुड़ेम के इसी स्पॉट पर नक्सलियों ने वर्ष 2021 में भी हमला किया था। नक्सलियों ने इसी जगह जवानों को एंबुश में फंसा कर उन पर फायरिंग की थी जिसमें 23 जवानों की शहादत हो गई थी। उसके बाद से इस इलाके में नक्सलियों की पैठ कमजोर करने के लिए लगातार पुलिस नए कैंप स्थापित करने की रणनीति बना रही थी। मंगलवार को सीआरपीएफ, एसटीएफ व डीआरजी जवानों के मौजूदगी में नया कैंप स्थापित किया गया था। कैंप की सुरक्षा ▶▶| शेष पेज 4 पर









***नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश व राजस्थान में वर्षा और ओलावृष्टि की संभावना है।

## रिश्वतखोरी में पूर्व डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर को 4 वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रिश्वत लेने के प्रकरण में पूर्व डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर सेंट्रल रायपुर प्रफुल्ल नायक को 4 वर्ष कठोर कारावास तथा दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। सीबीआई की विशेष अदालत



अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ममता पटेल ने इस संबंध में मंगलवार को फैसला सुनाया ▶▶| शेष पेज 4 पर

### साथ-साथ चलेगी सजा

आरोपी प्रफुल्ल नायक के विरुद्ध धारा 7 एवं 13 (1) (डी) तथा धारा 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। इन दोनों अपराध में दोषी पाया गया है। इस तरह धारा 7 के तहत 3 वर्ष ▶▶| शेष पेज 4 पर









### सिविल इंजीनियर्स की विभागीय पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जल संसाधन विभाग में हुई नवीन पदस्थापना

विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक पश्चात थोक में सिविल इंजीनियर्स को विभागीय पदोन्नति दी गई है। इसके अंतर्गत 7 प्रभारी मुख्य अभियंता को मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नत किया गया है। वहीं दो सिविल इंजीनियर को मुख्य अभियंता से प्रमुख अभियंता पदोन्नत किया गया है। इनमें से कुछ इंजीनियर्स को उनके वर्तमान पदस्थापना में ही पदोन्नत किया गया है तो कुछ को पदोन्नति उपरांत नवीन पदास्थापना दी गई है। महानदी भवन से मंगलवार को विस्तृत आदेश इस संदर्भ में जारी कर दिया गया है।

**इनके हुए तबादले**

- छग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता जयंत पवार को प्रमुख अभियंता नियुक्त किया गया है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कृष्ण जन्मभूमि विवाद पर 22 को सुनवाई

**प्रयागराज।** मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई टाल दी। अब 22 फरवरी को सुनवाई की तिथि तय की गई है।



न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने कहा कि वाद की पोषणीयता के संबंध में आवेदन इस बीच दाखिल किया जाना है।

अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर कड़ी व्यवस्था की जा रही है। इसी कड़ी में इजराइल निर्मित एंटी-ड्रोन सिस्टम को जल्द ही उत्तर प्रदेश में कुछ अन्य शीर्ष महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के साथ-साथ अयोध्या राम मंदिर की सुरक्षा के लिए तैनात किया जाएगा। यूपी पुलिस ने इसकी खरीद की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है और उम्मीद है कि यह जल्द ही नई टेक्नोलॉजी का हिस्सा बन जाएंगे, जो पहले से ही देश के सबसे बड़े पुलिस बल द्वारा उपयोग में हैं।

अयोध्या में की जाएगी सुरक्षा व्यवस्था चौकस

# राम मंदिर की सुरक्षा करेगा इजराइल का एंटी ड्रोन सिस्टम

## 3-5 किमी के दायरे में आने वाले किसी भी ड्रोन को नष्ट करेगा यह सिस्टम

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

यह पहली बार है कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा एंटी-ड्रोन तकनीक खरीदी जा रही है। हाल ही में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान और अन्य अवसरों पर, पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) या अन्य सुरक्षा बलों से उधार ली गई एंटी-ड्रोन प्रणालियों का इस्तेमाल किया। इजरायल में निर्मित इन एंटी-ड्रोन सिस्टम की अलग-अलग टेस्टिंग करने के बाद इसे खरीदने का फैसला किया गया है।

**यह होगी खासियत**

यह एंटी ड्रोन सिस्टम 3-5 किमी के दायरे में आने वाले किसी भी ड्रोन को पल भर में नष्ट कर देगा। इसमें किसी भी ड्रोन की पहचान करने की क्षमता है। यह लेजर आधारित एक सिस्टम है जो ड्रोन का बता लगाकर उसे नष्ट कर सकता है। सुरक्षा एजेंसियों को दुश्मन के ड्रोन की समय पर जानकारी मिल जाएगी जिससे उचित कदम उठाया जा सके। इतना ही नहीं इस सिस्टम में दुश्मन के ड्रोन को हैक करने की भी क्षमता है। टेक्नोलॉजी की जानकारी रखने वाले अधिकारी ने बताया, 'खतरे के आकलन के आधार पर, ये सिस्टम पुलिस को विभिन्न स्थितियों में उचित निर्णय लेने की अनुमति देंगे, जिनमें से एक है सॉफ्ट किल को अंजाम देना, यानी एक लेजर-आधारित डिस्टॉयर सिस्टम जिसका इस्तेमाल दुश्मन के ड्रोन के खिलाफ किया जा सकता है।



**स्नाइपर्स भी किए जाएंगे तैनात**

यह तकनीक पुलिस को दुश्मन के ड्रोन को हैक करने और सुरक्षित लैंडिंग निश्चित करने के साथ-साथ दुश्मन के ड्रोन को आत्म-विनाश करने की अनुमति देती है। इन सिस्टम के साथ स्नाइपर्स भी तैनात किए जाएंगे, जिन्हें हार्ड किल का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो लेजर या अन्य टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके दुश्मन के ड्रोनों को मार गिराएंगे।'

**यूपी पुलिस खरीदेगी 10 एंटी ड्रोन**

इनमें से लगभग 10 एंटी-ड्रोन सिस्टम यूपी पुलिस द्वारा खरीदे जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया, 'इन्हें लखनऊ, वाराणसी और मथुरा जैसे राज्य भर के शहरों में संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर और आवश्यकता के आधार पर स्थापित किया जाएगा। प्रक्रिया पूरी हो गई है और हमें उम्मीद है कि उपकरण जल्द ही सौंप दिए जाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### लोस चुनाव : सपा की लिस्ट जारी, मैनपुरी से डिंपल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें 16 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है। इसमें डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव जैसे बड़े नेताओं की सीटों की घोषणा की गई है। इंडिया गठबंधन की बैठकों के दौर के बीच ये लिस्ट जारी की गई है। सपा की पहली लिस्ट में 11 ओबीसी, 1 मुस्लिम, 1 दलित, 1 ठाकुर, 1 टंडन और 1 खत्री उम्मीदवार शामिल हैं।

### आसाराम को हाईकोर्ट से एक और झटका



**जोधपुर।** आसाराम बापू को राजस्थान हाईकोर्ट ने झटका दिया है। हाईकोर्ट ने उनकी पैरोल याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक सीजे एमएम श्रीवास्तव की खंडपीठ ने आसाराम बापू को यह कहते हुए पैरोल देने से इनकार किया कि जेल प्रशासन ने अच्छे से इलाज कराने का दावा किया है। वहीं जेल प्रशासन ने भी इलाज के लिए पैरोल मांगने वाली याचिका पर आपत्ति जताते हुए कहा कि आसाराम को पैरोल देने की जरूरत नहीं है। जेल प्रशासन उनका अच्छे से इलाज करा रहा है। जेल प्रशासन की इस दलील को हाईकोर्ट ने मान लिया और आसाराम की याचिका को खारिज कर दिया।

### साकेत कोर्ट में वकील ने कूदकर किया सुसाइड

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में वकील ओम कुमार शर्मा (44) सोमवार की शाम साकेत कोर्ट में वकील के चैंबर से कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को छानबीन के दौरान एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें मरने वाले वकील ने इस खौफनाक कदम को उठाने की वजह का खुलासा किया है। सुसाइड नोट के मुताबिक, वह पिछले दो साल से लीवर की बीमारी से पीड़ित था। इसी के चलते परेशान होकर उसने यह खौफनाक कदम उठाया है। सोमवार को वो वकील और उसकी पत्नी एक अस्पताल गए और फिर वहां से साकेत कोर्ट आए।

*आप और कांग्रेस को हाथ मिलाने के बाद भी मिली शिकस्त*

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हो गया बड़ा खेला, जीत गई भाजपा

*चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर का चुनाव भाजपा ने जीत लिया है। भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने बड़ा उलटफेर करते हुए यह जीत हासिल की है। मेयर चुने गए भाजपा नेता मनोज सोनकल को कुल 16 वोट हासिल हुए हैं, जबकि आम आदमी पार्टी के कुलदीप सिंह 12 वोट ही पा सके। 8 वोट अवैध करार दिए गए हैं। इस निर्णय को लेकर विवाद हो सकता है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस इस पर सवाल खड़े कर सकते हैं। पहले ही चुनाव टालने को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने हमला बोलते हुए कहा था कि यह गलत है और भाजपा ने हार के चलते ऐसा फैसला लिया है।*

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को कांग्रेस का भी समर्थन हासिल था। फिर भी उनकी हार हुई है। ऐसे में चुनाव में भाजपा ने बड़ा खेल करते हुए यह सीट अपने नाम कर ली। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ही चुनाव में जीत के दावे कर रहे थे। आम आदमी पार्टी की पार्षद प्रेमलता ने इस इलेक्शन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हम इस चुनाव के खिलाफ हाई कोर्ट जाएंगे। भाजपा ने गलत तरीके से जीत हासिल की है। मेरे हाथ से बैलेट पेपर ही छीन लिया गया। किरण खेर मैडम लगातार इशारे दे रही थीं।



चुनाव जीतने के बाद भाजपा प्रत्याशी को मिठाई खिलाते कार्यकर्ता।



नतीजे के बाद भावुक आप प्रत्याशी

- हाईकोर्ट जाएगी आप, लगाया है धांधली का आरोप
- 8 वोट अवैध करार देने पर मचा है बवाल

**आम आदमी पार्टी का चैलेंज**

आखिर 8 वोट अवैध कैसे हो सकते हैं? प्रेमलता ने कहा कि हमारे 24 वोट थे। फिर 8 वोट अवैध कैसे करार दे दिए गए। प्रेमलता ने आरोप लगाया कि गलत तरीके से बाद में साइन किए गए और वोटों को अवैध करार दे दिया गया। प्रेमलता ने कहा कि भाजपा की सरकार का अंत आ चुका है। भले ही इन लोगों ने मेयर का चुनाव धोखे से जीत लिया है, लेकिन सांसदी के चुनाव में तो सीधे जनता ही वोट देगी और सबक सिखाएगी। प्रेमलता ने इस दौरान किरण खेर मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

**दिनदहाड़े बेईमानी हो गई : केजरीवाल**



*दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने इस हार को बेईमानी बताया है। उन्होंने कहा, 'चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिन दहाड़े जिस तरह से बेईमानी की गई है, वो बेहद चिंताजनक है। यदि एक मेयर चुनाव में ये लोग इतना गिर सकते हैं तो देश के चुनाव में तो ये किसी भी हद तक जा सकते हैं। ये बेहद चिंताजनक है।'*

**पहली लड़ाई हार गया इंडिया अलायंस : नड्डा**



भाजपा की इस जीत पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी ट्वीट आया है। उन्होंने इसे इंडिया अलायंस के खिलाफ पहली जीत करार दिया है। जेपी नड्डा ने लिखा, 'इंडिया अलायंस ने भाजपा के खिलाफ पहली चुनावी लड़ाई लड़ी और हार हुई है। इससे दिख गया कि न तो उनकी गणित काम की और ना ही उनकी केमिस्ट्री चल पाई है।' यही नहीं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने भी इस बीच विपक्षी गठबंधन पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि इंडिया अलायंस तो अब ब्रेन डेड हो चुका है।

**24 घंटे में भारतीय नौसेना का एक और कारनामा**

# अब समुद्री डाकुओं के चंगुल से छुड़ाए 19 पाकिस्तानी



एजेंसी ▶▶| मोगादिशू

भारतीय नौसेना ने एक बार फिर से कमाल कर दिखाया। नौसेना ने 19 पाकिस्तानी नागरिकों सहित पूरे जहाज को समुद्री लुटेरों के चुंगल से सुरक्षित निकाल लिया। सोमालिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसैनिक युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने एक ही दिन में दूसरी बार ये कारनामा किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सोमालिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र में तैनात एक भारतीय नौसैनिक युद्धपोत ने ईरान के झंडे वाले एक जहाज और उसके चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया जिसका कुछ समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया था। नौसेना ने बताया कि भारतीय नौसेना ने कल रात जहाज से मिली अपहरण की सूचना पर फौरन कार्रवाई की। शेयर की तस्वीरें नौसैनिकों ने बड़ी ही मुस्तैदी से कार्रवाई को अंजाम दिया और ब 'धक बनाए गए 19 पाकिस्तानी नागरिक चालक दल के सदस्यों को बचा लिया। युद्धपोत ने नाव के साथ चालक दल की सुरक्षित रिहाई के लिए समुद्री डाकुओं को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया और नाव के साथ सभी 19 चालक दल के सदस्यों की सफल रिहाई सुनिश्चित की।

**ईरानी दल को भी बचाया था कुछ घंटे पहले**

बता दें कि इस अभियान के कुछ ही घंटे पहले सोमाली समुद्री डाकुओं ने एक और ईरानी झंडा लगे मछली पकड़ने वाले जहाज, एफवी इमान को हाइजैक कर लिया था। इंडियन नेवी ने ऑपरेशन चलाकर जहाज और उसके चालक दल के 17 सदस्यों (सभी ईरानी) को सुरक्षित रिहा कराया था।

*भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल ने साधा निशाना*

# नीतीश ने थोड़ा सा दबाव पड़ते ही ले लिया यू टर्न

**बोले- नीतीश को भागने के लिए बीजेपी ने कराया बैकडोर मुहैय्या**



अररिया में समर्थक से मिलते राहुल।

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में सियासी घटनाक्रम से इंडिया गठबंधन को लगे झटके के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहली बार नीतीश कुमार को लेकर बयान दिया है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री का नाम लिए बिना निशाना साधा है। अररिया में राहुल गांधी ने कहा कि थोड़ा सा दबाव पड़ते ही उन्होंने (नीतीश कुमार) यू-टर्न ले लिया। दरअसल, भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में प्रवेश कर चुकी है। इस दौरान यात्रा में अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि थोड़ा सा दबाव और उन्होंने यू-टर्न ले लिया। लेकिन दबाव क्यों? क्योंकि हमारा गठबंधन उन मुद्दों को उठा रहा है जो लोगों के लिए मायने रखते हैं। राहुल ने कहा, /"समझिए नीतीश जी क्यों फंस गए, मैंने उनसे सीधे कहा कि आपको बिहार में जातीय जनगणना करानी होगी, और हमने आरजेडी के साथ मिलकर नीतीश जी से सर्वे कराने पर जोर दिया।

**रविवार को बिहार में हुआ था सत्ता परिवर्तन**

गौरतलब है, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा से हाथ मिलाकर फिर सरकार बना ली थी। उनके इस्तीफे के साथ ही राज्य में 17 महीने पुरानी महागठबंधन सरकार का अंत हो गया है। इस्तीफा देने के बाद वह एनडीए विधायक दल की बैठक में शामिल हुए जहां उन्हें नेता चुना गया। इसके बाद नीतीश कुमार फिर से राज्यपाल के पास पहुंचे और सरकार बनाने का दावा पेश किया।

**गोपनीय सूचना लीक करने के दोषी**

# इमरान और कुरैशी को 10 साल जेल की सजा

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय सूचना लीक करने के मामले 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। दोनों को ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत गठित की गई विशेष अदालत ने गोपनीय सूचना लीक करने का दोषी पाया। इमरान खान (71 वर्षीय) और शाह महमूद कुरैशी (67 वर्षीय) रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। जेल से ही इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी अदालत की सुनवाई में वर्चुअली शामिल हुए।



# सिर्फ गैर-हाजिरी जमानत रद्द करने का आधार नहीं हो सकती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि किसी आरोपी का अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से हाजिर न होना जमानत रद्द करने का आधार नहीं हो सकता। यह कहते हुए कि जमानत देने और जमानत रद्द करने के मानदंड "पूरी तरह से अलग" हैं। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि पहले से दी गई जमानत रद्द की जा सकती है, अगर यह पाया जाता है कि जिस व्यक्ति को जमानत का लाभ दिया गया है, उसने किसी भी शर्त का उल्लंघन किया या गवाहों को प्रभावित करके या सबूतों के साथ छेड़छाड़ करके रिहाई का दुरुपयोग किया।

**सुप्रीम कोर्ट ने दी व्यवस्था**



**कोर्ट की टिप्पणी**

जमानत रद्द करते हुए और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गैर-जमानती वारंट जारी करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और गौरांग कंठ की पीठ ने कहा था कि व्यक्तिगत हाजिरी के लिए बार-बार निर्देश के बावजूद हाजिर न होना कानून की प्रक्रिया से बचने के लिए एक ढीठ रुख को उजागर करता है। अपीलकर्ता ने शीर्ष अदालत के समक्ष दलील दी कि वह उच्च न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सका।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
20 वर्षों से प्रसिद्ध सुखौना टेबलेट
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

**अंतर्राष्ट्रीय पटल पर लहराया छत्तीसगढ़ का परचम**

# दुनिया के टॉप 25 पॉलिसी लीडर में प्रदेश के ढोडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हमारे छत्तीसगढ़वासी अब सिर्फ़ देश में ही नहीं बल्कि दुनिया में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। इस वर्ष की शुरुआत में ही यूरोपीय संघ द्वारा पॉलिसी लीडर फेलो 2024 के रूप में चयनित होकर प्रदेश को यह गौरव का क्षण राजधानी रायपुर स्थित कंसोल ग्रुप के सीईओ हरप्रीत सिंह ढोडी ने प्रदान किया है। वह यूरोपीय संघ के फेलो के रूप में रायपुर से फ़्लोरेंस, इटली जाएँगे। हर साल यूरोपीय संघ दुनिया भर से विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्ट के रूप में 25 व्यक्तियों का चयन करता है। इस वर्ष हरप्रीत सिंह ढोडी जो कि छत्तीसगढ़ में कंसोल ग्रुप के सीईओ हैं उन्हें डिजिटल मीडिया एक्सपर्ट के रूप में चुना गया है और वह इस साल भारत से चुने गए एकमात्र व्यक्ति हैं। अन्य एक्सपर्ट में विभिन्न देशों से वरिष्ठ शासकीय पदाधिकारी, संयुक्त राष्ट्र के राजनायिक और हरित ऊर्जा, लिंग समावेशन, जल संरक्षण आदि पर नीति विशेषज्ञ शामिल हैं। इससे पहले भी, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से एमबीए हरप्रीत को 2015 में विश्व आर्थिक मंच द्वारा ग्लोबल शेपर के रूप में चुना गया था।

**इटली में रहेंगे 6 माह**

हरप्रीत सिंह पूर्व में भाजपा सरकार के सोशल मीडिया एडवाइज़र भी रहे हैं। अब हरप्रीत 6 महीने के लिए यूरोपियन संघ के इस कार्यक्रम के लिए इटली में रहेंगे और यूरोप में डिजिटल अफवाहों और फर्जी खबरों को रोकने के लिए रणनीति और नीति बनाने में एक्सपर्ट्स की मदद करेंगे।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 8223883311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, कैनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 9827000035
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

रायपुर
बुधवार, 31 जनवरी 2024
माघ कृष्ण पक्ष पंचमी
वर्ष : 22, अंक : 194
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.8
न्यून. 16.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



03 योद्धा में काम करना शानदार अनुभव

विचार पेज
02 अंतरिम बजट से राहत की उम्मीदें






# कल से बदल रहा पैसे ट्रांसफर करने का तरीका, अब भेज सकेंगे 5 लाख!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली


अलग खबर

साल 2024 का पहला माह जनवरी जल्द ही खत्म होने वाला है और फरवरी माह दस्तक देने वाला है। हर माह के समान फरवरी माह की भी पहली तारीख से कई नए नियम लागू होंगे, जो सीधे आपकी जेब पर असर डाल सकते हैं। हालांकि ऑनलाइन ट्रांसजेक्शन के लिए राहत देने वाली खबर आई है। आरबीआई ने आम आदमी को राहत देते हुए अब आईएमपीएस नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब बैंक खाताधारक बेनिफिशरी का नाम जोड़े बिना बैंक खाते से 5 लाख रुपए तक ट्रांसफर कर सकेंगे।

## 1 फरवरी से बदल रहे कई नियम, जेब ढीली करने हो जाएं तैयार

### एनपीएस नियमों में भी बदलाव

1 फरवरी 204 से एनपीएस नियमों में भी बदलाव हो जाएगा। 12 जनवरी, 2024 को पीएफ आरडीए ने एनपीसएस आंशिक निकासी के संबंध में एक सर्कुलर जारी किया। इस सर्कुलर में बताया गया था कि एनपीएस खाताधारक व्यक्तिगत पेंशन खाते से एम्प्लॉयर योगदान को छोड़कर 25 फीसदी तक की रकम निकाली जा सकती है। इसके लिए खाताधारक को आवेदन करना होगा और वेरिफिकेशन के बाद ही राशि निकाली जा सकती है।



### फॉस्टेग केवाईसी

फोर व्हीलर से संबंधित फॉस्टेग केवाईसी का काम पूरा नहीं किया है तो इसे आज ही कर लें। 31 जनवरी के बाद ऐसे लोगों के फॉस्टेग को बैन कर दिया जाएगा या उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फॉस्टेग को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए आखिरी तारीख 31 जनवरी 2024 तय की है।

### एसबीआई होम लोन

भारतीय स्टेट बैंक इन दिनों स्पेशल होम लोन कैंपेन चला रहा है, जिसका फायदा 31 जनवरी 2024 तक ही लिया जा सकता है। 1 फरवरी से एसबीआई की यह योजना बंद हो जाएगी। ग्राहक होम लोन पर प्रोसेसिंग फीस में रियायत का लाभ 31 जनवरी, 2024 तक ले सकते हैं। पंजाब एंड सिंध बैंक की ओर से चलाई जा रही 444 दिनों की स्पेशल एफडी में निवेश करने की आखिरी तारीख 31 जनवरी है। इस एफडी पर 7.40 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जवान ने स्वयं को मारी गोली, मौत

**जगदलपुर।** सुकमा में सीआरपीएफ 150 बटालियन के एक जवान ने साथी जवान की रायफल से खुद को गोली मार ली। घटना स्थल पर ही जवान की मौत हो गई। मृतक जवान कैंप ड्यूटी कर रहा था। वह बिहार के रोहतक जिले का रहने वाला था। उसका शव जिला अस्पताल में रखा गया है।

### डब्ल्यूसीएल के चेयरमैन होंगे जय प्रकाश



**नई दिल्ली।** जय प्रकाश द्विवेदी को कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया। द्विवेदी फिलहाल डब्ल्यूसीएल के निदेशक (तकनीकी) हैं।

### रेलवे बोर्ड के पूर्व प्रमुख अनिल ट्राई के चेयरमैन



**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के पूर्व प्रमुख अनिल कुमार लाहोटी को ट्राई का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। ट्राई में शीर्ष पद करीब चार महीने से खाली है। गौरतलब है कि पूर्व चेयरमैन पी.डी. वाघेला का कार्यकाल चार महीने पहले समाप्त हो गया था।

### राधा उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव



**देहरादून।** अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव होंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में अपनी मंजूरी दे दी है। वर्ष 1988 बैच की आईएएस अधिकारी रतूड़ी, सुखबीर सिंह का स्थान लेंगी।

### न्यूनतम पेंशन 7500 की मांग पर भूख हड़ताल



**नई दिल्ली।** ईपीएफओ न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपए करने की मांग को लेकर पेंशनभोगियों ने बुधवार को भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। योजना के तहत पेंशनभोगियों को इस समय 1,000 रुपए पेंशन मिलती है।

एक्शन में ईडी, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी से 8 घंटे में पूछे 60 से अधिक सवाल

# लालू के बाद तेजस्वी, ईडी ने पूछा- कैसे कमाए करोड़ों, सोरेन के घर से 36 लाख जब्त

*बिहार और झारखंड में ईडी का शिकंजा कसता जा रहा है। नौकरी के बदले जमीन मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव से पूछताछ के बाद उनके बेटे पूर्व सीएम तेजस्वी यादव से मंगलवार को ईडी ने पूछताछ की। तेजस्वी पटना स्थित ईडी कार्यालय में पेश हुए। ईडी ने करीब 8 घंटे में उनसे 60 से अधिक सवाल पूछे। इधर, झारखंड सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से 36 लाख नकद और एक बीएमडब्ल्यू कार जब्त की है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटना/नई दिल्ली

केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने नौकरी के बदले जमीन मामले में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से करोड़ों रुपए की कमाई के बारे में पूछताछ की। तेजस्वी सुबह साढ़े 11 बजे से पटना के बैंक रोड स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे थे। बिहार की राजधानी पटना में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव से ईडी की पूछताछ के दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक ईडी ऑफिस के बाहर जमा हो गए। एजेंसी की पूछताछ का विरोध करते रहे।

### मीसा बोलीं- मिलेगा न्याय

बहन मीसा भारती ने कहा कि उम्मीद है न्याय मिलेगा। एक दिन पहले जब लालू को पूछताछ के लिए बुलाया गया तो उनकी बेटी और राजद सांसद डॉक्टर मीसा भारती का बयान आया था। उन्होंने कहा था, वह खुद नहीं खा सकते, किसी को उन्हें खिलाना पड़ता है। हमें नहीं पता कि उन्होंने खाया है या नहीं। ईडी का कोई अधिकारी नहीं है।

## 160 करोड़ रुपए के घर को लेकर केंद्रीय एजेंसी ने दागे सवाल

### ऐसे सवाल पूछे गए?

- कौन कौन सी प्रॉपर्टी, नाबालिग रहते आपके नाम पर थी
- कितने बैंक एकाउंट हैं, उनके डिटेल्स बताएं
- कितनी संपत्ति है और कहां-कहां
- आपने अबतक कितनी संपत्ति खरीदी
- गुरुग्राम के एक माल से आपका संबंध क्या है
- आपके कारोबार से संबंधित डील कौन करता है?



### तीन चार्जशीट में इनके नाम

नौकरी के बदले जमीन मामले में ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में जो पहली चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें कारोबारी अमित कात्याल, लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, हेमा यादव और हृदयानंद चौधरी को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में ईडी और सीबीआई दोनों अलग-अलग जांच कर रही हैं। सीबीआई मामले में तीन चार्जशीट फाइल कर चुकी है।

### इधर, सोरेन रांची में सीएम आवास पहुंचे, ली बैठक

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई घंटों तक उनके पते ठिकाने को लेकर बने असमंजस के बीच रांची में अपने आधिकारिक आवास पहुंचे गए हैं, जहां वह राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक की अध्यक्षता की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में बड़ी संख्या में विधायक और मंत्री बैठक में हिस्सा लेने से पहले सोरेन का



अभिवादन करते नजर आए। बैठक में मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी विधायकों को राज्य की राजधानी नहीं छोड़ने और बैठक में भाग लेने के लिए कहा गया था।

### जब्त किए कार और दस्तावेज

ईडी ने हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास की तलाशी के बाद 36 लाख रुपए, एक बीएमडब्ल्यू एसयूवी और कुछ 'आपत्तिजनक' दस्तावेज जब्त किए हैं। एक टीम झारखंड में कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले की जांच के संबंध में पूछताछ करने के लिए सोमवार को सोरेन के दक्षिण दिल्ली स्थित 5/1 शांति निकेतन आवास पहुंची थी।

# नौ आईपीएस अफसरों के लिए डीपीसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पदस्थ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों को प्रमोशन देने के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक हुई। बताया गया है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में 9 अधिकारियों को प्रमोशन देने पर सहमति बनी है। सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार जिन अधिकारियों के प्रमोशन के लिए सहमति बनी है उनके नामों का प्रस्ताव तैयार हुई है उस पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त होने के बाद प्रमोशन का आदेश जारी किया जाएगा।

- सीएम के अनुमोदन के बाद मिलेगा प्रमोशन

बताया गया है कि सर्विस के हिसाब से इस साल नौ आईपीएस अधिकारियों का प्रमोशन होना था। इनमें 2006 बैच के तीन, 2010 बैच के तीन और 2011 बैच के दो आईपीएस शामिल हैं। 2006 बैच आईजी, 2010 बैच डीआईजी और 2011 बैच को सलेक्शन ग्रेड देने का प्रस्ताव था। इन अफसरों के खिलाफ कोई प्रकरण नहीं था, लिहाजा डीपीसी ने सभी के नामों पर मुहर लगा दी। इनमें 2006 बैच के मयंक श्रीवास्तव, आरएन दास और बीएस ध्रुव डीआईजी से आईजी, 2010 बैच के अभिषेक मीणा, सदानंद और गिरिजाशंकर जायसवाल डीआईजी तथा 2011 बैच के संतोष सिंह और इंदिरा कल्याण ऐलेसेला को सलेक्शन ग्रेड शामिल हैं। सलेक्शन ग्रेड मिलने के बाद संतोष सिंह और ऐलेसेला का पदनाम बदलकर एसएसपी हो जाएगा। प्रमोशन ▶▶ शेष पेज 4 पर

केरल में रंजीत हत्याकांड

# भाजपा नेता की गला रेतकर हत्या, 15 दोषियों को मृत्युदंड

- सजा के ऐलान के बाद पीड़ित नेता के परिवार और भाजपा ने फैसले का स्वागत किया



एजेंसी ▶▶ अलप्पुझा

केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलप्पुझा जिले में भाजपा की ओबीसी शाखा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। मामले में विशेष अभियोजक ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मावेलिक्कारा वी.जी. श्रीदेवी ने दोषियों को सजा सुनाई। मारे गए नेता के परिवार और भाजपा ने फैसले का स्वागत किया। पार्टी ने श्रीनिवासन को 'महान शहीद' बताते हुए कहा कि उन्हें आज न्याय मिल गया। विशेष अभियोजक प्रताप जी. ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 15 में से 14 दोषी ही हुए पेश

विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के मुताबिक, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 में से 14 लोगों को आज अदालत में पेश किया गया। उन्होंने कहा कि बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होने की वजह से एक दोषी को अदालत में पेश नहीं किया जा सका। हालांकि, जज ने मौखिक रूप से कहा कि सजा उस दोषी पर भी लागू होगी, जिसे आज पेश नहीं किया गया।

### भाजपा बोली-श्रीनिवासन को न्याय मिला

अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि श्रीनिवासन को 'न्याय मिला' है। उन्होंने कहा, आखिरकार सत्य की जीत हुई- महान शहीद रंजीत श्रीनिवासन को आज न्याय मिला। हम फैसले से खुश हैं और इसका तहे दिल से स्वागत करते हैं।

## मोम के 'बाबा'




**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव की आदमकद मोम की प्रतिमा का मंगलवार को दिल्ली में अनावरण किया गया। इसे मैडम तुसाद न्यूयॉर्क में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर स्वामी रामदेव स्वयं भी उपस्थित रहें और उन्होंने कुछ 'आसन' भी किए। मर्लिन एंटरटेनमेंट्स ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों के लिए मोम की प्रतिमा उपलब्ध होगी। मोम की प्रतिमा का अनावरण दर्शकों के लिए एक उपहार और योगी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है जो लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

*कुटेना घाट में कार्रवाई करने पहुंची थी टीम*

# खनिज विभाग की टीम पर रेत माफियाओं का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांडुका

गरियाबंद के कुटेना घाट में अवैध खनन रोकने पहुंचे खनिज विभाग की टीम पर रेत माफियाओं ने हमला कर दिया। इस हमले में जहां वाहन चालक को चोटें आई हैं, वहीं गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई है। विभाग की ओर से मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। पूरी घटना रात करीब 10 बजे के आसपास घटित हुई है। जिला खनिज अधिकारी ▶▶ शेष पेज 4 पर



### ठेकेदार का नहीं बताया नाम



पुलिस के अनुसार जब खनिज अधिकारी गरियाबंद से अवैध घाट संचालन कर रहे ठेकेदार का नाम ▶▶ शेष पेज 4 पर

संसद का बजट सत्र आज से, कल बजट पेश करेंगी वित्तमंत्री

# बजट सत्र से पहले 14 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा चुनाव से पहले एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। इधर, बजट सत्र के एक दिन पहले 14 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया गया। इसके लिए संसदीय समिति ने सिफारिश की थी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विभिन्न दलों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 9 फरवरी तक चलेगा संसद सत्र

17वीं लोकसभा का यह 31 जनवरी से 9 फरवरी के बीच संसद सत्र होगा। इस बजट सेशन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी। पूर्ण बजट नई सरकार पेश करेगी। संसद सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन से होगी।





**लोकसभा अध्यक्ष, रास सभापति की सहमति:** विपक्ष के वे 14 सांसद 31 जनवरी से आरंभ हो रहे बजट सत्र में भाग ले सकेंगे जिन्हें शीतकालीन सत्र के दौरान निलंबित करने के साथ ही उनके मामले को विशेषाधिकार समितियों के पास भेज दिया गया था। इन सांसदों के संदर्भ में सरकार के आग्रह पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सहमति जताई है।

### सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने उठाए कई मुद्दे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान विपक्षी नेताओं ने कई मुद्दे उठाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. सुरेश ने कहा कि पार्टी सत्र के दौरान बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट और जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर की स्थिति का मुद्दा उठाएगी। टीएमसी नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि अंतरिम बजट में पं.बंगाल के बकाये को भी शामिल करना चाहिए।

## चिंतन

# सत्तापक्ष-विपक्ष देशहित में मिलकर चलाएं संसद सत्र

आज से बजट सत्र शुरू हो रहा है। चुनावी वर्ष होने के चलते इस बार एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी। पूर्ण बजट लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई में पेश होगा। अंतरिम बजट के लिए इस सत्र को छोटा रखा गया है। यह 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन से होगी। इस सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं, जैसे इससे पहले होते रहे हैं। पहले की तरह इस बार भी सत्र शुरू होने के एक दिन पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें सरकार ने विपक्ष को भरोसा देने की कोशिश की है कि सत्र के दौरान सभी मुद्दों पर चर्चा होगी और विपक्ष की आवाज सुनी जाएगी। कायदे से सर्वदलीय बैठक औपचारिकता भर बन कर रह गई है, क्योंकि सत्र के दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष अपने-अपने एजेंडे के अनुरूप कार्य करते रहते हैं। सरकार अपने हिसाब से विधेयक पास कराने व बहस कराने की कोशिश करती है तो विपक्ष हमेशा सरकार को घेरने की नीयत से संसद में अवरोध पैदा करने की फिराक में रहता है। यही कारण है कि पिछले कई सत्र विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ चुके हैं। सत्रों के दौरान हंगामा अधिक व काम कम हुए हैं। इस बार सरकार ने कहा है कि सर्वदलीय बैठक में बातचीत 'बहुत सौहार्दपूर्ण' रही। लेकिन सवाल है कि क्या सत्र के दौरान वातावरण सौहार्दपूर्ण रहेगा? क्या सरकार इसके प्रति आश्वस्त है या क्या विपक्ष सार्थक बहस की राह चुनेगा? लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी सत्र है, इसलिए सवाल पेचीदा है, सत्तापक्ष जहां चुनावी मोड में है और इसी हिसाब से सत्र के दौरान अंतरिम बजट के जरिये अनेक लोकलुभावन घोषणाएं कर सकता है, वहीं विपक्ष सत्र के दौरान सरकार पर प्रहार के मूड में रहेगा। सर्वदलीय बैठक में लगभग सभी दलों के नेताओं ने भाग लिया है। सरकार ने विपक्ष को सांसदों के निलंबन को रद करके सकारात्मक संदेश दिया है और विपक्ष का भरोसा जीतने की पहल की है, हालांकि विपक्ष ने अपने तेवर में नरमी लाने के संकेत नहीं दिए हैं। कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक में असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर 'हिंसक हमले' और उस पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा उठाया है। कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। बैठक में विभिन्न दलों के नेता उन मुद्दों को उजागर करते हैं जिन्हें वे संसद में उठाना चाहते हैं। सरकार उन्हें अपने एजेंडे की एक झलक बताती है और उनका सहयोग मांगती है, पर कांग्रेस ने असम, सोरेन व लालू का मुद्दा उठाकर इशारा कर दिया है कि वह सरकार को घेरने की तैयारी में है। अंतरिम बजट में सरकार महिलाओं, किसानों, युवाओं और सैलरीड क्लास के लिए विशेष घोषणाएं कर सकती हैं। सरकार असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए नया ऐलान कर सकती है। टैक्स राहत का दायरा बढ़ा सकती है। अंतरिम बजट में गुंजाइश कम है, लेकिन सरकार अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने के लिए कुछ दीर्घकालीन कदम उठा सकती है। वैसे जब से सरकार ने तीन वर्ष, पांच वर्ष, दस वर्ष व पच्चीस वर्ष के आर्थिक लक्ष्य सेट करने शुरू किए हैं, सालाना बजट की अहमियत कम हो गई है। यह बजट सत्र शांतिपूर्ण रहे, सत्तापक्ष व विपक्ष सार्थक चर्चा करें, उत्पादक रहे और देशहित में कुछ फैसले करें, तो यही सत्र की उपलब्धि होगी।



अर्थव्यवस्था
योगेश कुमार गोयल

# अंतरिम बजट से राहत की उम्मीदें

संसद की दोनों सभाओं के समक्ष रखा जाने वाला 'वार्षिक वित्तीय विवरण' ही केन्द्र सरकार का बजट कहलाता है। आम बजट या यूनियन बजट कमाई और खर्च का लेखा-जोखा होता है, जिसमें सरकार आय और व्यय का ब्यौरा देती है। बजट का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से देश का सुधार करना और लोगों को बेहतर जीवन जीने में मदद करना ही होता है। बजट के जरिये सरकार आर्थिक नीतियों को लागू करती है और हर साल पेश किए जाने वाले बजट का मुख्य उद्देश्य दुर्लभ संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना है। इसमें आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित आय और व्यय पर टिप्पणियां दी जाती हैं।

संसद में देश का आम बजट 1 फरवरी को केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जनता के सामने पेश करेंगी। यह लगातार छठा ऐसा अवसर है, जब वह देश का आम बजट पेश कर रही हैं। चुनावी वर्ष होने के चलते इस बार अंतरिम बजट पेश करेंगी। संसद में रखा जाने वाला वार्षिक वित्तीय विवरण ही केन्द्र का बजट कहलाता है, जो विकास को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा कारक होता है। आम बजट या यूनियन बजट कमाई और खर्च का लेखा-जोखा होता है, जिसमें सरकार आय और व्यय का ब्यौरा देती है। बजट का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से देश का सुधार करना और लोगों को बेहतर जीवन जीने में मदद करना ही होता है। बजट के जरिये सरकार आर्थिक नीतियों को लागू करती है और हर साल पेश किए जाने वाले बजट का मुख्य उद्देश्य दुर्लभ संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना है। इस दस्तावेज में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित आय और व्यय पर विस्तृत टिप्पणियां दी जाती हैं। बजट में शामिल प्रस्ताव संसद की स्वीकृति मिल जाने के बाद 1 अप्रैल से लागू हो जाते हैं, जो अगले साल 31 मार्च तक लागू रहते हैं।

भविष्य की योजनाओं और उद्देश्यों के आधार पर बजट एक निश्चित अवधि के लिए पूर्व निर्धारित राजस्व और व्यय का अनुमान होता है, जो भविष्य की वित्तीय स्थितियों को दर्शाता है और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। यह एक ऐसा दस्तावेज है, जो प्रबंधन व्यवसाय के लिए अपने लक्ष्यों के आधार पर आगामी अवधि के लिए राजस्व और खर्चों का अनुमान लगाने के लिए बनाया जाता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, एक वर्ष का केन्द्रीय बजट, जिसे वार्षिक वित्तीय विवरण भी कहा जाता है, उस विशेष वर्ष के लिए सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण होता है। केन्द्रीय बजट को राजस्व बजट तथा पूंजीगत बजट में वर्गीकृत किया जा सकता है। बजट निर्माण की पूरी जिम्मेदारी वित्त मंत्रालय की ही होती है। बजट में सरकार के पिटारे से क्या-क्या निकलेगा, यह तो 1 फरवरी को पता चल ही जाएगा, लेकिन यह जानना दिलचस्प है कि आगामी वित्त वर्ष के लिए जो केन्द्रीय बजट कुछ घंटों में पेश कर दिया जाता है, उसकी तैयारी करीब पांच माह पहले ही शुरू हो जाती है। इन तैयारियों के दौरान वित्त मंत्रालय केन्द्र सरकार के अन्य मंत्रालयों और विभागों के अधिकारियों के साथ मीटिंग करता है, जिसके आधार पर ही तय किया जाता है कि किस मंत्रालय को वित्त वर्ष के लिए कितनी रकम दी जाए। इन मीटिंग्स में तय होने के बाद एक ब्लूप्रिंट तैयार किया जाता है। बजट का प्रारूप तैयार हो जाने के बाद वित्त मंत्रालय तथा प्रधानमंत्री एक बैठक में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ मिलकर बजट का अवलोकन करते हैं और वित्त तथा राजस्व संबंधी नीतियों को निश्चित करते हैं। सम्पूर्ण मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत होने के बाद केन्द्रीय बजट संसद में प्रस्तुत किया जाता है। बजट आमतौर पर तीन प्रकार का होता है, संतुलित बजट, अधिशेष बजट और घाटे का बजट। संतुलित बजट में आय और खर्च की मात्रा का समान होना जरूरी है जबकि अधिशेष



बजट में सरकार की आय खर्चों से अधिक होती है और घाटे के बजट में सरकार के खर्च उसकी आय के स्रोतों से अधिक होते हैं। सरकारी बजट तीन प्रकार के होते हैं, परिचालन या चालू बजट, पूंजी या निवेश बजट और नकदी या नकदी प्रवाह बजट।

बजट से जुड़े कुछ रोचक पहलुओं पर नजर डालना भी दिलचस्प है। पहले बजट की कुछ प्रतियां छपती थी लेकिन अब बजट पूरी तरह डिजिटल हो गया है। 2016 तक फरवरी माह के अंतिम दिन आम बजट पेश किया जाता था किन्तु 2017 में तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली ने बजट पेश करने का दिन बदलकर 1 फरवरी कर दिया। 1999 तक बजट भाषण फरवरी के अंतिम कार्यदिवस पर शाम पांच बजे पेश किया जाता था, लेकिन 1999 में यशवंत सिन्हा ने इसे बदलकर सुबह 11 बजे कर दिया। 2017 से पहले रेल बजट भी अलग से पेश किया जाता था लेकिन 2017 में उसे आम बजट में ही समाहित कर दिया गया। 1955 तक बजट केवल अंग्रेजी में ही पेश किया जाता था, लेकिन उसके बाद इसे हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पेश करना शुरू कर दिया गया। 1950 तक बजट का मुद्रण राष्ट्रपति भवन में होता था, किन्तु इसके लीक होने के बाद इसका मुद्रण दिल्ली की मिंटो रोड स्थित प्रेस में होने लगा और 1980 से वित्त मंत्रालय के अंदर सरकारी प्रेस में ही इसका मुद्रण होता है। 1947 से लेकर अब तक देश में 75 आम बजट, 14 अंतरिम बजट व 4 विशेष या मिनी बजट पेश किए जा चुके हैं। वैसे भारत में बजट पेश करने का सिलसिला 164 वर्ष पहले शुरू हुआ था, जब 7 अप्रैल 1860 को ईस्ट इंडिया कम्पनी से जुड़े स्कॉटिश अर्थशास्त्री व ब्रिटिश सरकार में वित्तमंत्री जेम्स विल्सन ने ब्रिटिश साम्राज्ञी के समक्ष पहली बार भारत का बजट रखा था। स्वतंत्र भारत का पहला बजट देश के पहले वित्तमंत्री आर के षणमुगम चेट्टि ने 26 नवम्बर 1947 को पेश किया था, जिसमें कोई टैक्स नहीं लगाते हुए केवल अर्थव्यवस्था की समीक्षा की गई थी। भारतीय गणतंत्र की स्थापना के बाद पहला बजट 28 फरवरी 1950 को जान मथाई ने पेश किया था। वैसे तो देश का बजट वित्तमंत्री ही पेश करते आए हैं लेकिन तीन ऐसे अवसर भी आए, जब प्रधानमंत्री ने आम बजट पेश किया। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भारत का बजट पेश करने वाले पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने 13 फरवरी 1958 को वित्त विभाग संभाला और बजट पेश किया था। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी प्रधानमंत्री रहते हुए बजट पेश किया था। एक वित्तमंत्री ऐसे भी थे, जो अपने कार्यकाल में कोई भी बजट पेश नहीं कर पाए। के सी नियोगी भारत के एकमात्र ऐसे वित्तमंत्री रहे। दरअसल वे 1948 में केवल 35 दिनों तक ही वित्तमंत्री रहे थे।

बतौर वित्तमंत्री सर्वाधिक बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के नाम है, जिन्होंने 1962-69 के बीच 10 बार बजट पेश किया था। वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने संयुक्त मोर्चा सरकार में 1996 से 1998 तक और फिर यूपीए-1 तथा यूपीए-2 सरकार में कुल 9 बार, वित्तमंत्री प्रणब मुखर्जी ने इंदिरा सरकार में 1982 से 1984 तक और मनमोहन सिंह सरकार में 2009 से 2012 तक कुल 8 बार बजट पेश किया। यशवंत राव चव्हाण, सीडी देशमुख तथा यशवंत सिन्हा ने 7-7 बार मनमोहन सिंह और टीटी कृष्णमाचारी ने 6-6 बार बजट पेश किया। इंदिरा गांधी ने पहली महिला वित्तमंत्री के तौर पर 1970 में बजट पेश किया था। 1977 में मात्र 800 शब्दों का सबसे छोटा भाषण वित्तमंत्री हीरुभाई मुलजीभाई पटेल ने, शब्दों के लिहाज से कुल 18650 शब्दों का सबसे बड़ा बजट भाषण 1991 में मनमोहन सिंह ने दिया था। उसके बाद 2018 में अरुण जेटली ने 18604 शब्दों का बजट भाषण दिया था। सबसे ज्यादा देर तक बजट भाषण देने का रिकॉर्ड निर्मला सीतारमण के नाम है, जिन्होंने वित्त वर्ष 2020-21 का बजट पेश करते हुए 2 घंटे 42 मिनट लंबा बजट भाषण दिया था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## ज्ञानवापी
प्रमोद भार्गव




# एएसआई की रिपोर्ट के मायने

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सर्वे रिपोर्ट ने प्रमाणित कर दिया कि वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक हजार साल से भी ज्यादा पुराने विषाल हिंदू मंदिरों को तोड़कर मस्जिद बनाई गई है। यहां काशी विश्वनाथ का बड़ा हिंदू मंदिर था। इसके अवषेशों के प्रतीक चिह्न सर्वेक्षण में मिले हैं। इसी संरचना के ऊपर मस्जिद बना दी गई थी। मस्जिद के निर्माण में भी मंदिर के पत्थरों का प्रयोग किया गया। एक स्थान पर महामुक्ति मंडप लिखा होने के साथ हनुमान और गणेश की खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये खुलासे एएसआई की रिपोर्ट से हुए हैं। बीते साल वाराणसी जिला अदालत के आदेश पर तीन माह से भी अधिक समय तक ज्ञानवापी परिसर का आधुनिक वैज्ञानिक उपकरण के माध्यम से कराए सर्वेक्षण के बाद यह तथ्यात्मक रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है। रिपोर्ट 839 पन्नों की है। यह रिपोर्ट लगभग अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर जैसी ही है। राम मंदिर के सर्वेक्षण में पुरातत्वविद् केके मोहम्मद भी शामिल थे। इस सर्वे से रूबरू होने के बाद मोहम्मद ने कहा था कि अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे मंदिर स्थलों को हिंदुओं को स्वेच्छा से मुसलमान सौंप दें, क्योंकि ये स्थल हिंदुओं के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने मुसलमानों के लिए मक्का और मदीना। दरअसल ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण कराने का निर्णय वाराणसी के न्यायालय द्वारा ले लिए जाने के बाद ही यह साफ हो गया था कि ज्ञानवापी मस्जिद में मंदिर होने के पुख्ता सबूत मिलेंगे। इस उद्देश्य से मुस्लिम पक्ष ने एक याचिका भी अदालत में दायर की थी, लेकिन यह याचिका खारिज कर दी थी। इस याचिका में दावा किया था कि 'विशेष उपासना स्थल कानून 1991' के तहत आजादी के बाद जो भी धर्मस्थल जिस अवस्था में हैं, उसी रूप में रहेंगे। इस सिलसिले में प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग भगवान विश्वेश्वर नाथ की ओर से वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने न्यायालय में तर्क दिया था कि वर्तमान में विवादित स्थल की धार्मिक स्थिति 15 अगस्त 1947 को मंदिर की थी अथवा मस्जिद की, इसके निर्धारण के लिए साक्ष्यों की आवश्यकता है। दरअसल विवादित स्थल विश्वनाथ मंदिर का ही एक भाग है, इसलिए एक अंश की धार्मिक स्थिति का निर्धारण नहीं किया जा सकता, बल्कि ज्ञानवापी परिसर का भौतिक साक्ष्य लिया जाना जरूरी है। जिसे पुरातात्विक सर्वेक्षण द्वारा जांच कराकर स्पष्ट किया जाए कि इस मस्जिद के नीचे और इसकी दीवारों के अंदरूनी हिस्सों में कोई मंदिर था अथवा नहीं? तथ्यों के आधार पर प्राचीन विश्वनाथ मंदिर के ध्वस्त अवशेषों पर मस्जिद की दीवारों के अंदरूनी और बाहरी तौर पर विद्यमान बताए गए हैं। समूचे परिसर में अनेक देवी-देवताओं के छोटे-छोटे मंदिर थे, जिनमें से कुछ आज भी मौजूद हैं। इन साक्ष्यों के संदर्भ में साक्ष्य और इतिहास पुस्तकें भी प्रस्तुत की गई थीं। दरअसल भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के अंतर्गत अधिनियम की धारा 57 (13) के तहत सामान्य इतिहास की पुस्तकों में भी वर्णित ऐतिहासिक तथ्य को साक्ष्य के तौर पर मान्यता प्राप्त है। इस संदर्भ में 1937 में प्रकाशित इतिहासकार डा अनंत सदाशिव अल्तेकर की पुस्तक हिस्ट्री ऑफ बनारस' अदालत में प्रस्तुत भी की गई थी। पुस्तकों के अनुसार वर्तमान में जो ज्योतिर्लिंग स्थापित है, उसकी प्राण-प्रतिष्ठा 1780 में महारानी अहिल्याबाई ने कराई थी। बीती सदी के अंत तक जो भी लोग विश्वनाथ मंदिर के दर्शन करने गए हैं, उन्हें स्पष्ट रूप से दिखाई देता था कि एक टूटे प्राचीन मंदिर के ढांचे पर कथित मस्जिद बनाई जा रही है। मंदिर का चबूतरा और आलीशान सफेद पत्थर के स्तंभ स्पष्ट दिखाई देते थे। इसी परिसर में एक कुआं है, जिसमें बताते हैं, वह शिवलिंग हैं, जो तोड़े गए मंदिर में स्थापित था। इस मामले में भाजपा प्रवक्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर पूजा स्थल विशेष प्रावधान अधिनियम-1991 की वैद्यता को चुनौती भी दी गई थी। 1991 में केंद्र सरकार द्वारा सभी धर्मस्थलों से जुड़े विवादों में यथास्थिति बनाए रखने की दृष्टि से यह कानून बनाया था। हालांकि अयोध्या के राम जन्मस्थल-बाबरी मस्जिद विवाद को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया था। बहरहाल, पुरातत्वीय परीक्षण की आंखों द्वारा खोजे गए 32 शिलालेख एवं प्रतीक चिह्नों ने ज्ञानवापी की सच्चाई उजागर कर दी है। दरअसल मुसलमानों ने ऐसी उदारता कभी नहीं दिखाई कि वे मुस्लिम शासकों द्वारा किए अन्याय की सच्चाई को जानते हुए भी उसमें बदलाव के लिए एक बार भी आगे आए हों, उन्होंने अपनी जड़ों को इस्लामिक कट्टरता व क्रूरता में ही तलाशा। गोया, क्रिया की प्रतिक्रिया होनी ही थी।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

# कई काम के बदले किसी एक काम को बेहतर करे



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गांधी जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लें

महात्मा गांधी के आदर्श सामाज और दुनिया को एक अच्छी राह पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। गांधी जी की तीन बातें आज भी दुनिया को एक अच्छी सच्ची राह की ओर अग्रसर कर सकती हैं, वो तीन बातें हैं- बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो और बुरा न सुनो। लेकिन अफसोस कि आज महात्मा गांधी के देश में ही इन बातों के विरुद्ध लोग चल रहे हैं। महात्मा गांधी देशप्रेमी ही नहीं, बल्कि प्रकृति और जीव-जंतुओं की रक्षा के प्रति अहिंसा प्रेमी भी थे। ऐसे ही नहीं दुनिया मोहन दास कर्मचंद को महात्मा गांधी के नाम से पुकारती या फिर ऐसे ही इनको महात्मा की उपाधि नहीं मिल गई थी। उनके सामाजिक कामों के कारण उन्हें आज भी याद किया जाता है। *- मनोज जोशी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सेवा कर रहे सतनाम



मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति ने सतनाम सिंह संधू को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सतनाम जी ने खुद को एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रतिष्ठित किया है, जो विभिन्न तरीकों से जमीनी स्तर पर लोगों की सेवा कर रहे हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### दवा प्राप्त करने से रोक रहे



एमएजीए रिपब्लिकन अमेरिका में महिलाओं को सुरक्षित और प्रभावी दवा प्राप्त करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं जिसे एफडीए द्वारा 20 वर्षों से अधिक समय से अनुमोदित किया गया है।
**-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### पूर्णिया नहीं पहुंच सका



मेरी बहुत इच्छा थी की बिहार के पूर्णिया में जनसभा को सम्बोधित करूं, पर मौसम ख़राब होने के वजह से मैं नहीं पहुंच सका। हम आज राजनीति के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जब बड़े-बड़े लोग स्वार्थ में अपने ज़मीर का सौदा कर लेते हैं।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### यह कैसी राजनीति



चंडीगढ़ मेयर चुनाव में इंडी की जीत निश्चित थी। हार के डर से विपक्ष के 8 वोट कैंसिल कर दिए। ये कैसी बेशर्मी है। अगर याद हो तो इस देश में अभी भी लोकतंत्र है। छोटे से मेयर चुनाव को जीतने के लिए ऐसी राजनीति ?
**-स्वाति मालिवाल, अध्यक्ष डीसीडब्ल्यू**

## करंट अफेयर


# ह्यूस्टन में लहराया 'जय श्री राम' का बैनर



अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक सप्ताह के बाद भी भारतीय अमेरिकियों के बीच उत्साह का माहौल है और अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में हवाई जहाज से एक बैनर लहराया गया जिस पर लिखा था, 'यूनिवर्स चैंट्स जय श्री राम' यानी ब्रह्मांड में गूंज रहा जय श्री राम का मंत्र। ह्यूस्टन में पिछले दिनों कंपकंपाती सर्दी और बारिश के बाद परंपरागत भारतीय परिधान पहने भारतवंशी लोग रविवार को गुजरात समाज और अन्य स्थानों पर जमा हुए। वे भगवा झंडे हाथ में लिए हुए 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे थे। जिस विमान पर यह बैनर लहराया गया, उसके पायलट का भी 'जय श्री राम' के नारे लगाकर अभिनंदन किया गया। आयोजकों ने रविवार को दोपहर 1 से 3 बजे के बीच पूरे ह्यूस्टन में अपनी तरह के पहले हवाई बैनर के बारे में प्रचार किया। भारतीय मूल के लोग आसमान में निहारते रहे। इसके लिए प्रचार करने वाले फ्लायर पर लिखा था, 'आसमान पर नजर रखें और जब आप अपने इलाके में विमान को देखें तो जय श्री राम के नारे लगाएं।' इस शो के आयोजक उमंग मेहता ने कहा, '500 साल के संघर्ष के बाद श्री राम मंदिर के उद्घाटन का उत्सव मनाने के लिए इस कार्यक्रम की कल्पना की गई और इस तरह का संदेश दिया गया जो हिंदुओं के बीच गूंजता रहे।'

## ऑफ बीट

# शाकाहार वेगनुअरी का प्रभाव बहुत बड़ा



2014 में लांच होने के बाद से, शाकाहार अभियान वेगनुअरी ने साल दर साल सदस्यों को अपने साथ जोड़ने का दावा किया है, लेकिन इस बात का क्या सबूत है कि जनवरी के दौरान लोगों को शाकाहारी आहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने वाला अभियान वास्तव में मांस बाजार को नुकसान पहुंचा रहा है? 2023 में 700,000 से अधिक लोगों ने इस अभियान को अपनाया, और यह संभावना है कि ये आंकड़े – जो केवल वेगनुअरी वेबसाइट पर आधिकारिक तौर पर साइन अप करने वाले लोगों के लिए हैं – उन सभी का एक छोटा सा हिस्सा दर्शाते हैं जिन्होंने साइन अप किए बिना इसमें भाग लिया। वेगनुअरी एक अभियान है जो लोगों को जनवरी में शाकाहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अभियान के पीछे यूके स्थित गैर-लाभकारी संस्था, वेगनुअरी चैरिटी, अपने प्रमुख सदस्यों में डेबोरा मीडेन, जोकिन फीनिक्स और क्रिस पैकहम को गिनती है। पिछले साल प्रकाशित एक पेपर में, हमने वेगनुअरी को सबसे प्रसिद्ध और मांस-मुक्त चुनौती के रूप में उजागर किया था। तीन चौथाई से अधिक ब्रिटिश लोगों ने वेगनुअरी के बारे में सुना है। दस में से एक ने भाग लेने पर विचार किया है, और 6% ने भाग लेने का दावा किया है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।







# ऊप्स मोमेंट का हुई शिकार, एयरपोर्ट पर शर्म से लाल

**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस बेहद खुश नजर आ रही हैं और उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर अपनी दोस्त और मशहूर साउथ एक्ट्रेस कल्यानी प्रियदर्शन के साथ देखा जा सकता है। लेकिन मुंबई एयरपोर्ट पर उनके साथ कुछ ऐसी घटना हो गई, जिसके बाद एक्ट्रेस शर्म से लाल हो गईं। रश्मिका एयरपोर्ट पर पैपराजी के सामने ऊप्स मोमेंट का शिकार हो गईं और अपनी ड्रेस की वजह से उन्हें जल्लित झेलनी पड़ी। इस दौरान रश्मिका कैजुअल लुक में नजर आई थीं। उन्होंने व्हाइट शर्ट पहनी हुई थी लेकिन उसके बटन काफी ज्यादा खुले हुए थे। वहीं, जब वो गाड़ी से उतरीं तो उनकी शर्ट से उनके प्राइवेट पार्ट्स दिखाई दे रहे थे। इस दौरान एक्ट्रेस अपनी दोस्त के पीछे छिपकर वहां से निकलने की कोशिश करने लगीं।





# पुष्पा 2 के सेट से लीक हुई अल्लू अर्जुन की तस्वीर...

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों 'पुष्पाः द रूल' की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी थी। इस फिल्म में अभिनेता अपने लुक को लेकर भी काफी चर्चा बटोर रहे हैं। अब शूटिंग सेट से उनकी एक तस्वीर लीक हुई है, जो एक्स 'ट्विटर' पर वायरल हो गई। तस्वीर में अल्लू अर्जुन को 'गंगम्मा तल्ली' अवतार में देखा जा सकता है, जिसे फर्स्ट-लुक पोस्टर में भी साझा किया गया था। 'पुष्पा 2' के सेट से अल्लू अर्जुन की एक तस्वीर इंटरनेट पर छा गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही लीक तस्वीर में अभिनेता साड़ी पहने नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style


# राशि

## योद्धा में काम करना शानदार अनुभव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना इन दिनों अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म योद्धा को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। राशि खन्ना योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पटानी के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा निर्देशित इस फिल्म ने अपने स्टार कलाकारों के साथ काफी उत्साह पैदा किया है।

हाल ही में राशि खन्ना ने एक इंस्टाग्राम सवाल सेशन में सिद्धार्थ के साथ अपने सहयोग के बारे में जानकारी साझा की और उनके साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। राशि से एक फैन ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ काम करने के उनके अनुभव के बारे में सवाल किया। इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, योद्धा में सिड के साथ काम करना एक शानदार अनुभव था। वह बहुत अनुशासित हैं और उन्होंने योद्धा के लिए सब कुछ दे दिया है। उन्होंने बहुत-बहुत कड़ी मेहनत की है, खासकर एक्शन सीन पर क्योंकि वे अद्भुत दिखते हैं और मैं वास्तव में उनके एक्शन और बाकी सभी चीजों के लिए योद्धा का इंतजार कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, वह न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि एक इंसान के रूप में भी एक अद्भुत व्यक्ति हैं, मैंने उन्हें जाना और वह बहुत आध्यात्मिक और बहुत सुलझे हुए व्यक्ति हैं। वहीं, जब राशि से उन अभिनेताओं के बारे में पूछा गया, जिनके साथ वह भविष्य में काम करना चाहेंगी। इसके जवाब में उन्होंने नामों की लिस्ट साझा कर शाहरुख खान, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, महेश बाबू, थलपति विजय और अल्लू अर्जुन के नाम का उल्लेख किया।



# धर्मा प्रोडक्शंस के टिप्सी ड्रामा में करेंगी काम



**मुंबई।** तमन्ना भाटिया धर्मा प्रोडक्शंस के धर्माटिक एंटरटेनमेंट के डिजिटल विंग के साथ काम करने जा रही हैं। तमन्ना इसमें फिर अलग भूमिका में नजर आएंगी। बबली बाउंसर, आखिरी सच, प्लान ए प्लान बी, जी कर दा और लस्ट स्टोरीज़ 2 में उनके निभाएं किरदार को फैंस ने काफी पसंद किया। अब तमन्ना टिप्सी ड्रामा के साथ एक और अलग शैली में अभिनय करने के लिए तैयार है। तमन्ना के आगामी प्रोजेक्ट के शीर्षक के लिए प्रशंसकों इंतजार करना होगा। हालांकि, ऐसा कहा जा रहा है कि इस हल्की-फुल्की सीरीज़ का निर्देशन अर्चित कुमार करेंगे। इस आगामी ड्रामा में दो अभिनेत्रियां शामिल होंगी, जबकि दूसरी महिला की कास्टिंग अभी चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आने वाली वेब सीरीज फिलहाल प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। इसकी शूटिंग मार्च के मध्य या अप्रैल की शुरुआत में शुरू होने वाली है।




# कृति ने की पुलकित संग सगाई..?

**मुंबई।** कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट ने आखिरकार रोका या सगाई कर ली है। इन दोनों के रोके की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। रिया सम्राट लूथरा नाम की एक यूज़र ने अपने अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज में ये कपल भी नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा जैसे सब किसी खास वजह से इकट्ठे हुए हों। अब सोशल मीडिया पर ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि यहां सभी लोग कृति और पुलकित के रोके के सेलिब्रेशन के लिए मौजूद हैं। दरअसल, पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा की इन फोटोज में फैंस ने एक चीज नोटिस कर ली। लोगों की नजरें इन दोनों की अंगूठियों पर ठहर गईं। ऐसा लग रहा है जैसे इन दोनों ने अपने रोके को ऑफिशियल करने के लिए ही ये पोस्ट शेयर किया हो। हालांकि, अभी कुछ भी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता।

# 'डेस्पिकेबल मी 4' जुलाई में होगी रिलीज...



**लॉस एंजेलिस।** एनिमेटेड फिल्म 'डेस्पिकेबल मी 4' का रोमांचक ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसको फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। एक बार फिर ग्रू, लुसी, उनके बच्चें और मिनियंस एक और नए अंदाज में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए एकदम तैयार हैं। चौथी किस्त में ग्रू और लूसी एक बच्चे जूनियर ग्रू का वेलकम करते हैं। ट्रेलर की शुरुआत ग्रू के खूबसूरत घर में एक पुल पर पीले मिनियंस के आराम करते हुए होती है। ग्रू और उसके परिवार को बिना किसी चिंता के लाइफ में आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है। हालांकि, उनकी खुशी तब खत्म हो जाती है जब एक प्रॉपर्टी मैनेजर उनको बताता है कि आपके परिवार का जीवन दांव पर है। इसके बाद होती है एक रोमांच और हंसी से भरे सफर की। बता दें एनिमेटेड फिल्म 'डेस्पिकेबल मी 4' इसी साल 3 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।




# 'स्वतंत्र वीर ...' 22 मार्च को होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर को लेकर चर्चा में हैं। वीर सावरकर की जयंती के मौके पर रणदीप ने फिल्म 'स्वाद्यथान वीर सावरकर' का टीजर जारी किया था। वहीं अब फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठ चुका है। निर्माताओं ने फिल्म का एक और टीजर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट का एलान किया है। यह फिल्म 22 मार्च को रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी और मराठी दोनों भाषाओं में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में न सिर्फ रणदीप हुडा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं बल्कि इसके जरिए वह निर्देशन में भी डेब्यू कर रहे हैं। टीजर की शुरुआत वीर सावरकर बने रणदीप हुड्डा की तस्वीर से होती है। टीजर में उन्होंने कहा, 'गांधी से नफरत नहीं, अहिंसा से है।'

# कुछ खट्टा हो जाए का टीजर जारी...



**मुंबई।** गायक गुरु रंधावा फिल्म कुछ खट्टा हो जाए से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म का टीजर जारी हो गया है। वे प्यार की टेढ़ी-मेढ़ी कहानी में सिरफिरे आशिक बने नजर आएंगे। इसमें उनके साथ सई मांजरेकर नजर आई हैं। फिल्म का टीजर काफी मजेदार है। टीजर रिलीज की जानकारी गुरु रंधावा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से दी है। टीजर की शुरुआत में गुरु रंधावा कहते हैं, 'सुप्रभात, मैं हूं आपका होस्ट और दोस्त, लेकर आया हूं आपके लिए दिल की एक और कहानी। ये कहानी है एक सिरफिरे मजनू, एक ब्यूटीफुल लैल और उनके बेइंतहा टेढ़े मेढ़े प्यार की। इस लैला मजनू की लव स्टोरी में लव तो बहुत था। लेकिन उनकी कहानी का असली ट्विस्ट कुछ और ही था। अभिनेता अनुपम खेर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' 16 फरवरी को रिलीज होगी।




# फरवरी में मनोरंजन का बूस्टर डोज

## देखने को मिलेंगी रोमांटिक और मिस्ट्री फिल्में






**मुंबई।** फरवरी का महीने सिनेप्रेमियों के लिए शानदार होने वाला है। दरअसल, साल 2024 के दूसरे महीने में सिनेमाघरों में पॉलिटिकल ड्रामा से लेकर रोमांटिक-कॉमेडी तक कई सारी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इतना ही नहीं, 'लाल सलाम' और 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी छह बड़ी फिल्मों के बीच क्लैश भी होने वाला है। फरवरी 2024 में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली फिल्मों की पूरी लिस्ट।




**2 फरवरी :** नवाजुद्दीन सिद्दीकी की 'सेक्शन 108' 2 फरवरी के दिन रिलीज होगी। ये एक डार्क मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है जिसकी कहानी वकील ताहूर खान के इर्द-गिर्द घूमेगी। दरअसल, सनराइज इंश्योरेंस में काम करने वाली शिखा सक्सेना एक करोड़पति बिजनेसमैन के केस में वकील ताहूर खान की मदद लेगी। लेकिन, पावर का इस्तेमाल कर इस वकील को मृत घोषित कर दिया जाएगा।

**9 फरवरी :** फरवरी के दूसरे हफ्ते में शाहिद कपूर और रजनीकांत की फिल्म के बीच बॉक्स ऑफिस पर क्लैश देखने को मिलेगा। दरअसल, 9 फरवरी के दिन शाहिद कपूर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के साथ रजनीकांत की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'लाल सलाम' सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

**16 फरवरी :** रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय कुमार की फिल्म 'स्टार्टअप' 16 फरवरी के दिन रिलीज होने वाली है। हालांकि अभी तक सोरारई पोटरू की रीमेक 'स्टार्टअप' का कोई ट्रेलर सामने नहीं आया है। 'स्टार्टअप' के साथ साल 2010 में रिलीज हुई 'लव सेक्स और धोखा' का सीक्वल 'लव सेक्स और धोखा 2' भी 16 फरवरी के दिन रिलीज होगा।

**23 फरवरी :** यामी गौतम की पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म 'आर्टिकल 370' 23 फरवरी के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म का निर्देशन दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले आदित्य सुहास जंभाले ने किया है। इस फिल्म में कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद की कहानी दिखाई जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 'आर्टिकल 370' के साथ सिनेमाघरों में विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की फिल्म भी रिलीज होगी।

आयुर्वेद से आयुष्यमान | रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

*प्र. मेरी आयु ४२ वर्ष है। मैं अर्श रोग की गंभीर समस्या से पीड़ित हूं। केवल कोई आयुर्वेदिक दवा ही लिखें। –आर. कश्यप, कोरबा.*

उ. आप आयुर्वेदिक औषधियों से युक्त रतन्स **'पाईल्सील'** कैप्सूल २-२, सुबह-शाम पानी के साथ नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं। योगासन करें एवं मिर्च मसालेदार पदार्थों का सेवन कम करें।

*प्र. मेरा पुत्र पूरी तरह से स्वस्थ है, मगर रात को नींद में बिस्तर गीला कर देता है। कोई उपचार सुझाएं। –एक पाठक, सरायपाली.*

उ. बेडवेटिंग की समस्या के लिए आप उन्हें रतन्स **'बेडवेट'** सिरप सुबह-शाम दे सकते हैं। साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाएं।

*प्र. मेरी उम्र १६ वर्ष है, मैं यह जानना चाहता हूं कि हाईटॉप सिरप किस काम आता है। –शाश्वत, मंडला.*

उ. हार्मोन्स का असंतुलन हमारे शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। रतन्स **'हाईटॉप'** सिरप पाचन क्रिया सुधारकर ग्रंथियों की क्रियाशीलता बढ़ाता है। **'हाईटॉप'** के सेवन के साथ ही पौष्टिक भोजन व व्यायाम से भी लाभ मिलता है।

*प्र. कृपया शरीर को उचित आकर्षण प्रदान करने का उपाय बताएं। –एक पाठिका, सागर.*

उ. अपनी समस्या हेतु आप रतन्स **'सुडोल'** बॉडी टोनर कैप्सूल १-१-१ दिन में तीन बार ३ माह सेवन कर सकते हैं एवं **'सुडोल'** बॉडी टोनर जैल का उपयोग कर सकते हैं।

*प्र. मेरी उम्र १७ वर्ष है। मैं बोलते समय हकलाता हूं। उचित उपचार बताएं। –बी.प्रसाद, दतिया.*

उ. अपना आत्मविश्वास बढ़ाएं। साथ ही समस्या के लिए रतन का **'वॉईस'** सिरप २-२ चम्मच दिन में दो बार नियमित सेवन कर सकते हैं।

नोट : उपरोक्त सलाह रोगियों के लक्षणों को ध्यान में रखकर दी गई है. दवाओं का प्रयोग वैद्यकीय मार्गदर्शन में करें.



कला जगत

डा. निरुपमा शर्मा

# दृदरिया में आंचलिक अभिव्यक्ति

लोक जीवन की भावनाओं को लोक कंठ की वाणी में बोलता है और वही रचना लोक समूह की संपत्ति बन जाती है। जो ददरिया जैसे गीतों के माध्यम से अंचल में दिखाई देते हैं। ददरिया की गूंज में सामूहिक चेतना धारा की संगीत का स्वर सुनाई देता है। शिल्प की मुक्तता के उपरांत भी इसमें भावों की श्रृंखलाबद्ध स्थिति परिजनित होती है।



लोकगीत लोक मानस की सहज, स्वाभाविक, मौखिक अलिखित अभिव्यक्ति है। लोकगीतकार प्रकृति के बहुरंगी परिवेश में बदलती हुई ऋतुओं के साथ हृदय देश में जो अनुभूतियां जागृत होती हैं, उन्हें अपने नैसर्गिक रागबोध द्वारा गीतों के रूप मे अड़िव्यक्त करता है। लोक जीवन की भावनाओं को लोक कंठ की वाणी में बोलता है और वही रचना लोक समूह की संपत्ति बन जाती है। जो ददरिया जैसे गीतों के माध्यम से अंचल में दिखाई देते हैं। ददरिया की गूंज में सामूहिक चेतना धारा की संगीत का स्वर सुनाई देता है। शिल्प की मुक्तता के उपरांत भी इसमें भावों की ऋंखलाबद्ध स्थिति परिजनित होती है। यह निरक्षरों की संपदा है इसलिए इसमें परिनिष्ठितता की रीति लागू नहीं होती, परंतु इसमें जो साहित्य एवं शास्त्र की सूक्ष्मता मिलती है वह अड़िादर्शनीय होती है। ददरिया में अन्य गीतों की तरह न तो निश्चित मात्राएं होती हैं और न ही निश्चित वर्ण संयोजन। इसमें स्वर लहरी ही वह शाश्वत ध्वनि होती है जो उसकी अलग पहचान बना देती है। ददरिया की भी अपनी शैलीगत विशिष्टता है। ददरिया के प्रत्येक क्रम में मात्राओं, वर्णो का अंतर होता है, छंद का मात्रिक या वार्णिक रूप सुनिश्चित नहीं होता है, देखें-

बागे बगइचा दिखे ल हरियर...
दुरूग वाला नई दिखे बदे हौं नरियर...
इसी तरह
कांटा खूटी दुकल आहौ...
लोटिया म पानी भरके निकल आहौ...

पुस्तक समीक्षा

## बेरा बेरा के बात




कृति के नाव: बेरा बेरा के बात

कृतिकार: पीसी लाल यादव

प्रकाशक: वैभव प्रकाशन रायपुर

समीक्षक: लाल जी

मूल्य: एक सौ रूपिया

छत्तीसगढ़ी म लिखे कविता के गुड़ी आय 'बेरा बेरा के बात'। लेखक ह सुलझे साहित्यकार आय। जेनहा गांव म रहिके गंवई के खानपान, रहन सहन ल कविता-कहानी अउ लेखन के माध्यम ले जियत हें। आप मन के इही सब ऐ मेर कविता के माध्यम ले झलकत हे। आप मन अपन ऐ कविता के किताब में समाज के विसंगति, जिनगी के मरम, प्रकृति के उदगार ल सुघ्घर ढंग ले रखे हव। ऐकरे संग हर कविता म कोनो ल कोनो संदेश देके उदीम घलो करे हव। ऐ किताब म छत्तीसगढ़ी भाषा के नंदावत शब्दकोष ह घलो उपराय हे। पढ़ैया मन ल घलो कविता पढ़े म मजा आही इही भाव के झलक ऐ किताब म देखे ल मिलत हे।

पौराणिक

अमरनाथ त्यागी

# सिहावा क्षेत्र में रावण के राक्षसों का उत्पात



राक्षस राज रावण ने जब से अपनी बहन सूर्पनखा को प्रसन्न करने के लिए दंडकारण्य, पंचवटी, सिद्धाश्रम प्रभृति भारतीय दक्षिणी सीमा स्थापित कर लिया था, तब से इस प्रदेश में राक्षसों की गतिविधियां बहुत बढ़ गई थी। रावण के प्रतिनिधि खर दूषण और त्रिशिरा नामक गर्वोदत्त राक्षस चौदह हजार सेना लेकर इस प्रदेश में जमे हुए थे। रावण की विशाल सेना और अमिट पराक्रम की धाक महाराज दशरथ भी मान चुके थे। बड़े-बड़े पराक्रमी उसके सम्मुख बलहीन हो जाते थे।


राक्षस-राज्य की राजधानी तो लंका थी, किन्तु राक्षस राज रावण ने जब से अपनी बहन सूर्पनखा को प्रसन्न करने के लिए दंडकारण्य, पंचवटी, सिद्धाश्रम प्रभृति भारतीय दक्षिणी सीमा स्थापित कर लिया था, तब से इस प्रदेश में राक्षसों की गतिविधियां बहुत बढ़ गई थी। रावण के प्रतिनिधि खर दूषण और त्रिशिरा नामक गर्वोदत्त राक्षस चौदह हजार सेना लेकर इस प्रदेश में जमे हुए थे। रावण की विशाल सेना और अमिट पराक्रम की धाक महाराज दशरथ भी मान चुके थे। बड़े-बड़े पराक्रमी उसके सम्मुख बलहीन हो जाते थे। राम-लक्ष्मण को मांगने आए महर्षि विश्वामित्र के सम्मुख कोसल नरेश ने अपनी जो असमर्थता प्रकट की, उससे रावण से भयभीत हृदय का स्पष्ट पता चलता है-

*तेन चाहं न शक्तोअस्मि संयोदं तस्य वा वलैः।।*
*वालं में तनयं ब्रहमादेव दास्यामि पुत्रकम।।*

महाराज दशरथ की इस निर्बलता का रावण को भी पता था। इसलिए उसकी शह पर राक्षस समुदाय 'सिहावा' स्थान तक सीमित न रहकर यत्र तत्र उत्पात करने लगा था। कभी कभी तो उनके उपद्रव व्याघ्रसर (बक्सर) में विद्यमान विश्वामित्र आश्रम तक बढ़ जाते थे। उक्त दोनों ही राज्य सेना, रण कौशल और साम्राज्यलिप्सा में एक दूसरे से बढ़-चढ़कर थे। इस प्रकार इन दोनों साम्राज्यवादियों की गतिविधियों के कारण भारत के सीमान्त प्रदेशों तक निरंतर संकट के बादल मंडरा रहे थे और कोसल राज्य जो वृद्ध शासक के कारण निर्बल हो गया था, एक साधारण आक्रमण भी उसे ध्वस्त करने के लिए पर्याप्त था।




# प्राकृतिक सौंदर्य का नजारा गोड़ेना जलप्रपात में



पर्यटन: तपेश जैन

उदंती अड्डयारण्य छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में रायपुर-देवभोग मार्ग पर उड़ीसा सीमा पर स्थित अनेक वन्य प्राणियों को विचरण करते देखा जा सकता है। इसके साथ ही प्रकृति के सौम्य वातावरण का मजा भी लेने पर्यटक वर्ष भर यहां आते रहते हैं। इसी स्थल पर करलाझर ग्राम से आठ किमी दूरी पर गोड़ेना जलप्रपात स्थित है। यहां तक पहुंचने के लिए घने जंगल के बीच नदी के किनारे लगभग एक किमी की दूरी पैदल चलना होता है। रंग-बिरंगी चट्टानों के सामान्य ढाल से लगभग 250 मी बहते पानी को बच्चे फिसलन पट्टी के रूप में उपयोग करते हैं। यह स्थल एकांत में है और अत्यंत मनोरम है, जहां झरने की कलकल ध्वनि, पहाड़ों से बहती हुई सुनाई देती है। पर्यटकों के लिए पिकनिक का यह अच्छा स्थान है।

# गोंडवाना काल में शिवनाथ नदी का महत्व



ऐतिहासिक: आचार्य मोतीरावण कंगाली

गोंडवाना काल में महाकोसल संभाग शिवनाथ नदी का अनेक महत्व रहा है। इस नदी के उत्तर में 18 गढ़ और दक्षिण में 18 गढ़ हैं। ऐसे इन छत्तीस गढ़ों के मध्य से प्रवाहित शिवनाथ नदी के उद्गम से संबंधित पौराणिक गाथा कोया वंशीय गोड़ समुदाय में अनादि काल से प्रचलित है। इस नदी की गाथा महाकोसल क्षेत्र के कोया वंशीय गोड़ समुदाय के सामाजिक मूल्यों की संजोए गाथा है जो उनके बालाओं की अपने लमसेना पति के प्रति सच्चा प्रेम का आदर्श करने वाली एक पौराणिक घटना है, जिसका आत्मोसर्ग अमर एवं स्तुत्य है। इस गाथा पर अनेक नाटकों का मंचन भी किया जा चुका है। आज भी इस विषय को लेकर लगातार शोध होते रहते हैं।

# उत्कृष्ट रचनाधर्मी थे विभु खरे

सुरता

डा. पुष्पलता मिश्र



जाने माने शिक्षाविद-नाट्यकर्मी विभु खरे का जन्म म.प्र के सागर में 13 मार्च 1942 को हुआ था, लेकिन शिक्षा-दीक्षा छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुई। आप रायपुर के माधवराव सप्रे स्कूल से हाई स्कूल और दुर्गा विज्ञान महाविद्यालय से उच्चतर शिक्षा अर्जित की। आपने दुर्गा महाविद्यालय में अध्यापन कार्य किए। आपकी पहचान एक कथाकार के रूप में रही। आपकी कहानियां सामाजिक चेतना, जन सरोकार, परोपकार, आदर्श व्यक्तित्व के साथ जीवन के अनेक पहलुओं को चित्रित कर दिशा-निर्देश करती रहीं। इसके साथ ही अनेक नाटकों का भी लेखन किए, तथा नाट्य संस्था का निर्माण कर रंगमंचीय वातावरण निर्मित किए, जिसमें तत्कालीन समाज की ज्वलंत समस्याओं को उजागर करते रहे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी आपने समाज को जागृत करने का काम किए। आपने हस्ताक्षर पत्रिका में संपादक के रूप में अपना योगदान दिए। आपने अपने जीवन में जो भी काम किए पूरी तन्मयता और लगन के साथ किए और साहित्य तथा नाट्य जगत में अपनी छाप छोड़कर 2007 को इस संसार से विदा हो गए।


लोक साहित्य

डा. सुधीर पाठक

# सरगुजा अंचल में सदरी बोली का क्षेत्र

सदरी बोली को ही सांदो, जशपुरिहा, कोरवा और छोटा नागपुरी के नाम से भी जाना जाता है। नागपुरिया बोली में सदरी का अर्थ है-ऐसा व्यक्ति जो किसी स्थान विशेष में रहता हो और खानाबदोश न हो। सदरी बोली अंचल के सरगुजा जिले में राजपुर के पूर्वोत्तर शंकरगढ़ और कुसमी विकासखंड में तथा जशपुर जिले की संपर्क भाषा है।

सरगुजा समूह की रियासतों (सरगुजा, चांगभखार, कोरिया, जशपुर, और उदयपुर अर्थात वर्तमान धरमजयगढ़ तहसील) में जनजातियों की बहुलता है जिसमें सदरी बोली छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग (सरगुजा-जशपुर) से लेकर पश्चिम बंगाल में चौबीस परगना तक व्याप्त है। सदरी बोली को ही सांदो, जशपुरिहा, कोरवा और छोटा नागपुरी के नाम से भी जाना जाता है। नागपुरिया बोली में सदरी का अर्थ है-ऐसा व्यक्ति जो किसी स्थान विशेष में रहता हो और खानाबदोश न हो। सदरी बोली अंचल के सरगुजा जिले में राजपुर के पूर्वोत्तर शंकरगढ़ और कुसमी विकासखंड में तथा जशपुर जिले की संपर्क भाषा है। यह जशपुर के आगे गुमला मार्ग से रांची के दक्षिणी भाग तक पहुंच गई है, जहां इसे नागपुरी या छोटा नागपुरी का नाम दिया गया है। छत्तीसगढ़ की असुर, बिझिया, खड़िया, खेरवार, किसान, कोरवा, मुंडा, नगेसिया, उरांव आदि आदिवासी द्वितीय भाषा के रूप में सदरी का व्यवहार करते हैं। उरांव जाति के लोग अब अपनी भाषा का व्यवहार छोड़कर तेजी से सदरी बोली को अपना रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### फिसलकर गिरने से युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत जाड़ेकुर्से सीएएफ कैम्प के पास उत्तरप्रदेश राज्य के हरदोई थानांतर्गत मझरेला निवासी 26 धिरेंद्र कुमार पिता सुरेंद्र पाल ने 29 जनवरी को सुबह साढ़े 11 बजें सीढ़ी से गिरकर घायल हो गया व उसकी मौत हो गई। मझरेला निवासी 18 वर्षीय रविकुमार जाधव पिता सुरेंद्र लाल जाधव ने पुलिस को बताया कि ग्राम जाड़ेकुर्से सीएएफ कैम्प के पास पानी टंकी का काम कर रहे थे। मृतक का पैर सीढ़ी में फिसल जाने से गिर गया, जिससे वह जमीन में गिर गया।

### एमबीए छात्र ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भिलाई।** प्रेम प्रसंग के चलते एमबीए के छात्र ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दी। आत्महत्या करने से पहले छात्र ने एक वीडियो भी बनाया है। जिसमें युवती समेत तीन लोगों के बारे में सारी जानकारी दिया है। इन्हीं तीन लोगों से प्रताड़ित होकर अपनी जान देने की बात वीडियों में बताया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि कैम्प 1 निवासी गौरव राय घर से सुबह टहलने के लिए निकला था। जिसकी लाश बजाज शो रुम के पीछे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटी लाश मिली।

# रोशनी फाउंडेशन के संचालक ने की 17.50 लाख की धोखाधड़ी, साथियों के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसींवां



पैसे डबल करने का लालच देकर 17 लाख 50 हजार की ठगी करने वाला रोशनी फाउंडेशन का संचालक और उसके साथियों को पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

■ पैसे डबल करने के नाम पर आस के लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की

थाना सरसींवां पुलिस के अनुसार प्रार्थी अर्जुनलाल जांगडे (शिक्षक) साकिन सेमरिया ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम भाठा खम्हरिया के नारायण दास मानिकपुरी जो रोशनी फाउन्डेशन का संचालक है। उनसे मुलाकात होने पर रोशनी फाउन्डेशन के बारे में बताया और उसके साथ ग्राम सुवाताल के नान्हूदास, बरभांठा के रेशम केवर्त एवं ग्राम तेन्दुआ के घासिदास मानिकपुरी सभी साथ में थे जो स्वयं को संस्था का प्रमुख व्यक्ति होना बताते हुए रोशनी फाउन्डेशन में नगदी रकम जमा करने पर एक वर्ष तक प्रति माह 30 प्रतिशत अतिरिक्त सम्मान राशि दी जाती है व एक वर्ष पूर्ण होने पर जमा किये गए मूल धन रकम को वापस किए जाने का आश्वासन देकर पैसा जमा कराते थे। इन लोगों के झांसे में आकर अलग-अलग दिनांक में आरोपी नारायण व उसके साथियों ने कुल 17 लाख 50 हजार जमा किए। जब संचालक द्वारा प्रार्थी को कोई सम्मान राशि नहीं दिये है और न ही उनके द्वारा जमा किये मूलधन को वापस किये, तो अपनी रकम मांगने पर आज कल की बात कहकर टाल मटोल कर रहे थे।

## नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. बालोद/गुण्डरदेही



जिले की गुण्डरदेही पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख 45 हजार रुपये की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, जिले के मंगचुआ थाना क्षेत्र में भी नौकरी लगाने के नाम पर करीब 7 लाख रुपए की ठगी करने वाले ठग खिलावन चंद्राकर अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। मंगचुआ पुलिस का कहना है कि आरोपी खिलावन चंद्राकर लगातार अपना लोकेशन बदल कर फरार है, पुलिस खोजबीन में जुटी हुई है और बहुत जल्द उसकी गिरफ्तारी हो जाएगी।

इधर गुण्डरदेही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंगारी निवासी प्रार्थी भूपेश कुमार साहू 45 वर्ष ने पुलिस अधीक्षक बालोद के समक्ष शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया था कि आरोपी कार्तिक राम डहरिया, नितेश कुमार गेण्ड्रे और दीपक कुमार देशलहरे ने चपरासी के पद पर नौकरी लगाने के लिये 4 लाख रूपये एवं प्राथऍं के मित्र राजनांदगांव जिले के रहने वाले ओम प्रकाश सिन्हा को सचिवालय में रजिस्टार के पद पर नौकरी लागने के लिये 7,45,000 रूपये नगद कुल 11,45,000 रुपए बैंक खाता एवं फोन पे के माध्यम से लेकर धोखाधड़ी करने की शिकायत किये थे। जिसकी जांच पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई।

# भालू व उसका बच्चा जर्जर मकान से 24 घंटे बाद निकला, जंगल की ओर भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



वन परिक्षेत्र कांकेर के ग्राम डुमाली में सोमवार 29 जनवरी की सुबह से शिवलाल मंडावी के जर्जर मकान में मादा भालू व उसका शावक अंदर घुस गए। वन विभाग की टीम लगातार मानीटरिंग करती रही और अंततः 24 घंटे बाद 30 जनवरी की सुबह जर्जर मकान से मादा भालू और उसका शावक जंगल की ओर निकल गए।

वन मंडल कांकेर के वन परिक्षेत्र कांकेर अंतर्गत ग्राम डुमाली में शिवलाल मांडवी के जर्जर मकान में बाड़ी के रास्ते बीती रात एक मादा भालू अपने एक शावक के साथ टूटे दरवाजा से घुस गई। जर्जर मकान के बाजू में रहने वाले वीरेंद्र मंडावी अपनी बाड़ी में 29 जनवरी की सुबह 10 बजे खड़े थे, तभी बगल से भालू खेत की तरफ भागता हुआ दिखा। भालू के भागने के बाद जर्जर मकान से भालू के शावक के चिल्लाने की आवाज आई। पड़ोसी ने जर्जर मकान में देखा तो भालू का शावक था और बहुत आवाज कर रहा था। जर्जर मकान के पड़ोसी ने इसकी जानकारी वन विभाग को दिया। वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुँच गया और उसे देखने के लिए जुटी भीड़ को जर्जर मकान के पास जाने के लिए रोकते रहे। वन विभाग का अमला 29 जनवरी को दिन और रातभर ड्यूटी देते रहे। 30 जनवरी को अल सुबह का माहौल शांत होने के चलते मादा भालू अपने शावक को लेकर जंगल की ओर निकल गए।

# पिता की हत्या, दो भाइयों को आजीवन कारावास

**महासमुंद।** पिता के हत्या के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पाण्डेय ने दो भाईयों पिथौरा थाना के ग्राम कैलाशपुर डोंगरीपाली निवासी 40 वर्षीय जगदीश यादव पिता मंगलू यादव तथा पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़ियापारा निवासी 28 वर्षीय पुरूषोत्तम यादव पिता मंगलू यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अभियोजन के अनुसार 2 अप्रैल 2023 को प्रार्थी ओमप्रकाश यादव को उसके बड़े भाई पुरूषोत्तम ने फोन पर बताया कि पिताजी नही रहे। इस पर वह अपने छोटे जीजा अरूण और दीदी कमला के साथ गांव पहुंचे। जहां पहले से ही पुलिस, सरपंच, कोटवार, चाचा रवि यादव और उसके दोनों भाई जगदीश यादव एवं पुरूषोत्तम यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे। पूछताछ में अभियुक्तगणों ने ओमप्रकाश को बताया कि परसों पिताजी ने मां के साथ मारपीट की थी। इसी बात पर रात में हल्का विवाद हुआ था। आगे की जानकारी वे नहीं दे पाए इस पर सभी की उपस्थिति में जब रजाई हटाकर पिताजी मंगलू यादव के शव को देखा तो सिर, दोनों कान में चोट का निशान था और स्थान काला हो गया था। आंख के पास चोट व गले में रस्सी से घोंटने की निशान दिखाई दे रहे थे। पूर्व में मंगलू ने जगदीश व पुरूषोत्तम के नाम की जमीन 20 लाख रुपए में बेचकर 15 लाख रुपए अपने दामाद नरेंद्र यादव को दिया था। डेढ़ लाख रुपए ओमप्रकाश और ढाई लाख पुरूषोत्तम को मिला।

इसलिए दोनों के उपर उन्हें कुछ गलत करने का शक हुआ। विवेचना के दौरान पीएम से यह तथ्य सामने आया कि मृतक मंगलू की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति की है, इस पर अभियुक्तों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि मृतक मंगलू द्वारा शराब पीकर गाली गलौच करने और मना करने पर नहीं मानने के बाद हाथ-मुक्का से मारपीट की गई। बाद में तेंदू की लकड़ी और प्लास्टिक की पाईप से मारपीट करना और नेवार की रस्सी से गला घोंट देने की बात बताई।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करे:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (RO-6301)

### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री हेतु सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर-10, वेतन 14-20 हजार तक गार्ड 12-18 तक (PF+ ESIC + Bonus, खाना + आवास की सुविधा) 10वीं से स्नातक तक नोटः- वेतन प्रतिमाह 7 तारीख **को संपर्क- शिव सेक्युरिटी शॉप नं. 28 कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका, रेलवे स्टेशन, रायपुर (छ.ग.) फोन 0771-4036689, 8806770891, 7052408688** (RO-1084)

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में गृह कार्य झाड़ू- पोछा कपड़ा बर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु शादीशुदा या अकेले पुरुषों एवं महिलाओं (जिनके बच्चे साथ में न रहते हो) की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- 9977200093.** (RO -2147)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर में ऊपरी काम हेतु महिला की आवश्यकता है। काम का समय सुबह 9 से 1 और शाम को 3 से 6 तक, वेतन 6000/- **संपर्क- 8120289207, 07714907983.** (RO-A)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** श्रीकृष्ण गौशाला गरियाबंद भूतेश्वर नाथ मंदिर के पास राउत जेंट्स लेडीज की आवश्यकता है। **संपर्क करें- 9300259355** (RO-1096)

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लिनिक के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है - वेतन 8000. CFI डेंटल क्लिनिक, पंडरी। Mob. 9926099747 (RO-1095)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00। इंटरव्यू के लिए आते वक़्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल, व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये। सैलरी 18000/- प्रतिमाह। (किसी भी तरह की अन्य सुविधा जैसे रहना, खाना,पेट्रोल नहीं दिया जायेगा) **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक :- 9340730994.** (RO-60)

**आवश्यकता है-** टाटा ऐस, महेन्द्रा डीआई चलाने हेतु अनुभवी ड्रायवर लाइसेंस सहित मिलें. **कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, भनपुरी, उरकुरा स्टेशन के पास, 7828656506** (RO-1404)

**आवश्यकता है-** दुकान एंव गोदाम में कार्य हेतु एक युवक और कार ड्रायवर के लिए एक ड्रायवर की आवश्यकता है। **संपर्क :- रायपुर कृषि केन्द्र शॉप नं.124, एस के प्लाजा काम्पलेक्स, बाम्बे मार्केट रायपुर** (RO-1600)

### सेल्सगर्ल/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु 7 सेल्समैन, 7 सेल्सगर्ल, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर -1 सभी रायपुर लोकल अनिवार्य, वेतन 8000 -15000 +कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता, **विरदीचंद मानकलाल कंकालीपारा मिलने का समय 10:30 - 9:30 मो. 9425216364, 9340477419.** (RO-2456)

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान हेतु साड़ी बेचने के लिए सेल्समैन- सेल्सगर्ल एवं दुकान हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (RO-2452)

**आवश्यकता है-** सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है। **ओम ज्वेल्र्स शॉप-64b इंदिरा मार्केट दुर्ग** (आरो न.-5580)

**आवश्यकता है-** अनुभवी और स्मार्ट सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है **संपर्क करें:- KOOL BEB'S अग्रसेन चौक नेहरूनगर भिलाई। सिंधू भवन के सामने स्टेशन रोड दुर्ग। मो.- 9827490990, 07884010051.** (आरो न.-400)

### नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ बीएससी, जी.एन.एम, वार्ड बॉय की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध **मिलेः- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर फोन 0771-2425009.** (RO-2454)

**आवश्यकता है-** Arc & Parc clinics हेतु नर्सिंग स्टाफ (पुरुष) - 1 पद एवं देवी मेडिकल स्टोर हेतु फार्मासिस्ट (पुरुष)- 1 पद, **सम्पर्क- ARC & PARC Clinics मगरपारा रोड, डॉ. जगबीर सिंह गली, बिलासपुर- 07752426633, 9826677474, 7024942247** (RO-32703)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** सिविल लाइंस, रायपुर में घरेलू कार्य जैसे कपड़े आयरन,कपड़े धोना, कमरों की साफ़ सफ़ाई आदि हेतु 35 वर्ष से अधिक उम्र के महिला की आवश्यकता है। कार्य करने का समय सुबह 9 से रात 11 बजे तक। रहने हेतु रूम(रूम केवल कर्मचारी हेतु रहेगा परिवार के रहने की व्यवस्था नहीं दी जाएगी) बिजली व तीन टाइम का खाना दिया जाएगा। सैलरी 12000-15000 प्रतिमाह। मिलने आते वक्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल, व दोनो डोज वैक्सीन सर्टिफिकेट अवश्य लाये। **संपर्क समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक 9340730994.** (RO-62)

### वेल्डर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित वर्कशॉप में कार्य हेतु वेल्डर और हेल्पर की आवश्यकता है **संपर्क पता- चौधरी इंडस्ट्रीज सिलतरा, रायपुर वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 8821004002.** (RO-2449)

### सेल्स एक्जीकेटिव

**आवश्यकता है**

**SALES PERSON FOR BHILAI**
ग्रेजुएट 2-3 साल अनुभव - रियल एस्टेट (बेहतर) या लाइफस्टाइल सेल्स में कुछ अनुभव। स्मार्ट, उत्कृष्ट मौखिक संचार कौशल और Sales की क्षमता। व्यक्तिगत लक्ष्यों को पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड। कंप्यूटर पर कार्यसाधक ज्ञान। निश्चित वेतन और बिक्री कमीशन।

**CONSTRUCTION MANAGER FOR BHILAI**
ग्रेजुएट सिविल इंजीनियर 4-5 साल अनुभव या डिप्लोमा सिविल इंजीनियर 7-8 साल अनुभव। Real Estate Project पर काम किया होना चाहिए। किसी प्रोजेक्ट साइट, ठेकेदारों, सलाहकारों आदि को स्वतंत्र रूप से प्रबंधित करने की क्षमता। कंप्यूटर पर कार्यसाधक ज्ञान।

**REAL ESTATE SALES TELECALLER**
12वीं पास या ग्रेजुएट 1-2 साल कॉलिंग या रियल एस्टेट सेल्स में अनुभव। स्मार्ट और Sale close करने की क्षमता। व्यक्तिगत लक्ष्यों को पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड। निश्चित वेतन और बिक्री कमीशन।

Email: bandsrealtorspvtltd@gmail.com
CONTACT 8708895665

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान में कार्य करने हेतु लड़की/लड़के की आवश्यकता है। जिसको कम्प्युटर एंव ग्राफिक्स की जानकारी हो **सर्वेश्वरी फार्मा शॉप नं. 10/11 रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) संपर्क-9131910194, 9131655209, 7225902299.** (RO-1098)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** कोड़िया स्थित राईस मिल में सुपरवाइजर हेतु 3 लड़कों की आवश्यकता हैं। उम्र 22 से 30 वर्ष( रहने की सुविधा चांवल सिलेंड़र चूल्हा सहित) और तीन टन का बॉयलर पैनल मोटर चिमनी के साथ बेचना है। **संपर्क मो. 93033-09932,79870-85401** (आरो न.-401)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** इन्दौर (MP) में ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10वीं, 12वी, स्नातक पास लड़के चाहिए। वेतन 10000 + कमीशन + बोनस + रहना फ्री कोई शुल्क नहीं लगेगा। **पता- सरकण्डा बिलासपुर 9575712101, 7970225494** (RO-32705)

### सुरक्षाऑफिसर/गार्ड

**आवश्यकता है-** इंडो चैन प्रा. लि. भनपुरी में सिक्योरिटी ऑफिसर / सिक्योरिटी इंस्पेक्टर की आवश्यकता है। रहने, बिजली व मोबाइल की सुविधा दी जायेगी। खाने व बाइक का इंतजाम स्वयं करना होगा। सैलरी 25000 से 35000 प्रतिमाह। भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता। जो वर्तमान में सिक्योरिटी ऑफिसर या सिक्योरिटी इंस्पैक्टर है ये पोस्ट सिर्फ़ उनके लिए है सिक्योरिटी गार्ड संपर्क ना करें।न्यूनतम आयु 40 वर्ष व न्यूनतम 10 वर्ष का इसी कार्य का अनुभव अनिवार्य। **संपर्क समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक 6232941921.** (RO-61)

### वेल्डर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** वैल्डर वा हैल्पर की आवश्यकता है परमानेंट नौकरी के लिए सम्पर्क करे गौरव इंजीनियरिंग वर्कस, धमधा रोड बाईपास के पास, दुर्ग **संपर्क** :-Phone no. 9329870104. (आरो न.-1007)

### ऑपरेटर/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक फैक्ट्री मंदिर हसौद एरिया में। अनुभवी सुरक्षा गार्ड, ट्रक व पिकअप ड्राइवर। एकाउंटेंट, कंप्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर (जनरल, स्टोर, परचेस, डिस्पैच) लैब टेक्निशियन- योग्यता BSC chemical /cipet ग्रेजुएट, ऑपरेटर- पीवीसी पाइप व रोटो /ब्लो टैंक मशीन व इंजेक्शन मोल्डिंग- अनुभव 5 वर्ष शिफ्ट इंचार्ज- अनुभव 5 वर्ष सीनियर इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर अनुभव- 10 वर्ष /33 KVA लाईन व पेनल (रहने व खाने की सुविधा उपलब्ध) **संपर्क:-** Weetek Plastic, Kutesar **7880134141.** (RO-2455)

### अकाउंटेंट/मैनेजर

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित ज्वेलरी फर्म के लिए अकाउंटेंट, सोशल मीडिया मैनेजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, ऑफिस बॉय, ऑफिसगर्ल, मिलने का समय 11 से 1 बजे **संपर्क करें 07714031884.** (RO-63)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (32900- 81770) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, चेकर, कंप्यूटर ऑपरेटर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (सभी फ्री सुविधाएं) **रायपुर 08929328091.** (RO-2441)

**आवश्यकता है-** फ्रॉड कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp **करें- 9241650814.** (RO-6776)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP **करें :- 8340144798.** (RO - 1306)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.(RO-2447)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** भाटागांव अंतर राज्य बस स्टैंड के पास रावतपुरा कॉलोनी फेस -1, स्ट्रीट नंबर 5, मोहन भवन प्लॉट एरिया 15x60 टोटल 900sqf में निर्मित डबल मंजिला मकान बेचना है प्रथम तल में दो बेडरूम हाल किचन दो लेटबाथ द्वितीय तल भी एक सामान है **संपर्क:- 7000439483.** (RO-1086)

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** भिलाई- दुर्ग के प्राइम लोकेशन में प्लॉट्स,*पक्की सड़क, नाली, बिजली, गार्डन, ओपनजिम, स्विमिंगपूल* सुविधा के साथ, आवासीय डाइवर्टेड प्लॉट्स उपलब्ध। **संपर्क कॉल या व्हाट्सएप करे 88210-18666.**(आरो न.-396)

## For Rent किराया

**किराये से चाहिए-** रेल्वे स्टेशन के आसपास कोटा, गुढ़यारी, रामनगर, रामसागर पारा, फाफाडीह, समता चौबे कॉलोनी, 1 बीएचके, 2 बीएचके, 3 बीएचके ऑफिस कम रेसीडेंशियल हेतु 5000/- से 10000/- तक मकान किराये पर चाहिए **90393-21951.** (RO-2453)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** फ्रीसेवा घरबैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज, रूठें मनाना, ग्रहकलेश, कियाकराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसीभी जड़से खत्म) **7347259119.** (RO-12146)

हरिभूमि
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Healthcare
ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



○ गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
○ शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
○ लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
○ शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
○ आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें।
○ चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
○ नि:संतान दम्पति आज ही मिले।
आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

छोटा विज्ञापन
क्लासीफाईड

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

एजूकेशन स्पेशल
ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान)
संपूर्ण भारत में 50 से अधिक केन्द्र
छत्तीसगढ़ में एकमात्र केन्द्र
सेनेटरी इंस्पेक्टर
स्वच्छता निरीक्षक डिप्लोमा कोर्स
(न्यूनतम योग्यता -12वीं पास)
एक वर्षीय कोर्स
हॉलिडे बैच की सुविधा उपलब्ध
रोजगार के अवसर
नगर निगम / पालिका / पंचायत, रेल्वे, AIIMS, कंटोन्मेंट बोर्ड (रक्षा विभाग), पेस्ट कंट्रोल एजेंसीज, होटल एवं हॉस्पिटलिटी उद्योग, जलापूर्ति एवं विसंक्रमण एजेंसी, चिनी मिल, स्वच्छ भारत अभियान पर केन्द्रित संगठन एवं अन्य विभाग।
ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रवेश की सुविधा
स्वच्छता योद्धा बने प्रवेश हेतु
संपर्क करें- 7987637627, 9977337777, 0771-4915511
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
प्रथम तल, आदर्श टावर, लिबास टेलर के बाजु, तात्यापारा चौक के पास, रायपुर, (छ.ग.) 492001,
Website: www.aiilsg.org

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर...
हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)



छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन एक साथ प्रकाशित किया जायेगा।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें- 7987119756, 6263818152

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए गए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## खबर संक्षेप

### मीशो ने दो लाख उत्पादों को मंच से हटाया



**नई दिल्ली।** सॉफ्टबैंक समर्थित मीशो ने गुणवत्ता जांच के बाद पिछली तिमाही में अपने ई-कॉमर्स मंच से करीब दो लाख उत्पादों को हटा दिया है। कंपनी की योजना छह महीने में मंच से कम रेटिंग वाली वस्तुओं को 20 प्रतिशत तक हटाने की है। मीशो के अनुसार, 'मूल्यांकन के बाद मंच से पिछली तिमाही में करीब दो लाख उत्पादों को हटा दिया...' कंपनी के अनुसार गुणवत्ता जांच को मजबूत करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश किया गया है।

### पोर्शे इंडिया ने 2023 में की श्रेष्ठ खुदरा बिक्री दर्ज




**नई दिल्ली।** लक्जरी स्पोर्ट्स कार निर्माता पोर्शे इंडिया ने 2023 में 914 इकाइयों के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ खुदरा बिक्री दर्ज की। सालाना आधार पर यह 17 प्रतिशत की वृद्धि है। पोर्शे इंडिया की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, कंपनी ने सर्वाधिक 113 टायकन की डिलीवरी कर रिकॉर्ड दर्ज करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया।

### बजाज फिनसर्व का शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** बजाज फिनसर्व का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) का एकीकृत शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत बढ़कर 2,158 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में विविध वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 1,782 करोड़ रुपये रहा था। बजाज फिनसर्व ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसकी कुल आमदनी आलोच्य तिमाही में बढ़कर 29,038 करोड़ रुपये हो गई।

### ब्लू स्टार के शुद्ध लाभ में 72 फीसदी का उछाल




**नई दिल्ली।** एयर कंडीशनर (एसी) और वाणिज्यिक रेफ्रिजरेटर बनाने वाली कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 72 प्रतिशत उछाल के साथ 100.46 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 58.41 करोड़ रुपये रहा था। ब्लू स्टार लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आलोच्य तिमाही में उसकी परिचालन आय 25 प्रतिशत बढ़कर 2,241.19 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,794.17 करोड़ रुपये थी।

# टोयोटा ने इंजन में खराबी पर तीन मॉडल की आपूर्ति रोकी




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ हॉर्स पावर आउटपुट संबंधी परीक्षणों में अनियमितताएं मिली

वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने डीजल इंजन के प्रमाणन परीक्षण में 'अनियमितताएं' पाए जाने के बाद देश में अपने तीन मॉडल- इनोवा क्रिस्टा, फॉर्च्यूनर और हाइलक्स की आपूर्ति अस्थायी तौर पर रोक दी है। टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन (टीएमसी) से संबद्ध कंपनी टोयोटा इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन ने एक दिन पहले कहा था कि डीजल इंजन वाले तीन मॉडल के हॉर्स पावर आउटपुट संबंधी परीक्षणों में अनियमितताएं पाई गई हैं।

#### खराबी इंजन के पावर व टॉर्क को लेकर

*इस बारे में संपर्क किए जाने पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के प्रवक्ता ने कहा, 'अनियमितताएं इंजन के पावर और टॉर्क से संबंधित हैं लेकिन हॉर्सपावर, टॉर्क या इंजन से संबंधित अन्य मामलों में बढ़ा-चढ़ाकर कोई दावा नहीं किया गया है।' इसके साथ ही कंपनी प्रवक्ता ने बयान में कहा कि इस मुद्दे का प्रभावित वाहनों के उत्सर्जन या सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।*

#### नए ऑर्डर लेना जारी रहेगा

*टीकेएम ने कहा, 'टोयोटा प्रभावित वाहनों के प्रमाणीकरण में इस्तेमाल किए गए आंकड़ों की दोबारा पुष्टि के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रही है। ऐसी स्थिति में टीकेएम प्रभावित वाहनों की आपूर्ति अस्थायी रूप से रोकने जा रही है।' इस बीच, टीकेएम तीनों मॉडलों के लिए नए ऑर्डर लेना जारी रखेगी।*

#### ग्राहकों से मांगी माफी

इससे उनके वाहनों के उत्सर्जन या सुरक्षा से भी कोई समझौता नहीं हुआ है। इसके साथ ही कंपनी ने इस अनियमितता के कारण अपने ग्राहकों एवं अन्य हितधारकों को होने वाली असुविधा और चिंता के लिए माफी मांगी है।

#### 10 मॉडल में इन इंजनों का उपयोग

*भारत के मामले में इस इंजन का इस्तेमाल इनोवा क्रिस्टा, फॉर्च्यूनर और हाइलक्स मॉडल में किया जाता है। वैश्विक स्तर पर 10 मॉडल इन इंजनों का इस्तेमाल करते हैं, जिनमें जापान के छह मॉडल भी शामिल हैं।*

#### ग्राहकों को अवगत करा दिया गया

कंपनी ने कहा कि डीलरों तक पहले ही भेजी जा चुकी लेकिन अभी तक ग्राहकों को वितरित नहीं की गई कारों के बारे में स्थिति से ग्राहकों को अवगत करा दिया जाएगा। टीकेएम ने कहा, हम अपने मौजूदा ग्राहकों से यह कहना चाहेंगे कि उनके वाहन इन अनियमितताओं से अप्रभावित हैं क्योंकि हॉर्सपावर, टॉर्क या इंजन संबंधी अन्य पहलुओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को नरमी लौटी

# रिलायंस इंडस्ट्रीज और अन्य शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 802 अंक लुढ़का

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को फिर नरमी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 802 अंक लुढ़क गया। मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 865.85 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,522.10 अंक पर बंद हुआ।

#### परिणाम बाजार के अनुरूप नहीं रहे

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस 5.03 प्रतिशत नीचे आया। तिमाही परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

#### अमेरिकी बाजार बढ़त में रहे

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त में रहे थे।



- निफ्टी 215 अंक घटकर 21,522 अंक पर हुआ बंद
- एशिया के अन्य बाजारों में भी कमजोर रुख रहा
- आईटीसी, बजाज फाइनेंस, अट्राटेक सीमेंट में रही गिरावट

#### बजट से पहले निवेशक सतर्क

*एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख का भी घरेलू बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। बजट आने में एक दिन बचा है, ऐसे में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया है। हालांकि, बजट में कोई बड़ी घोषणा होने की संभावना नहीं है।*

#### इन शेयरों में रही तेजी

*दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।*

#### नीतिगत दर को लेकर बनी रहेगी यथा स्थिति

इसके बजाय निवेशकों का ध्यान अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा पर होगा। हालांकि, यह संकेत है कि नीतिगत दर को लेकर यथास्थिति बनी रहेगी। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी।

#### बीएलएस ई-सर्विसेज को पहले ही दिन पूर्ण अभिदान

बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंगलवार को बोलियां खुलने के कुछ ही मिनट के भीतर पूर्ण अभिदान मिल गया। पहले दिन कंपनी के आईपीओ को 15.63 गुना अभिदान मिला। एनएसई पर मौजूद आंकड़ों के अनुसार, 311 करोड़ रुपये के आईपीओ को 1,37,02,904 शेयरों की पेशकश पर 21,41,26,416 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं जो 15.63 गुना अभिदान है।

#### ईपैक ड्यूरेबल का शेयर पहले दिन 10 प्रतिशत टूटा

ईपैक ड्यूरेबल का शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 230 रुपये से करीब 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। कंपनी के शेयर ने बीएसई पर निर्गम मूल्य से 2.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 225 रुपये पर कारोबार शुरू किया। दिन में कारोबार के दौरान यह 10.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 205.70 रुपये पर आ गया। अंत में यह 9.69 प्रतिशत टूटकर 207.70 रुपये पर बंद हुआ।

# टाटा मोटर्स बनी सबसे मूल्यवान वाहन कंपनी

### बाजार पूंजीकरण में मारुति को पीछे छोड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ कंपनी के बाजार पूंजीकरण में डीवीआर शेयर शामिल

टाटा मोटर्स मंगलवार को बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के लिहाज से देश की सबसे मूल्यवान वाहन कंपनी बन गयी। उसने इस मामले में मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को पीछे छोड़ दिया है। कंपनी के बाजार पूंजीकरण में उसके मूल्यांकन के अलावा डीवीआर (डिफरेंशियल वोटिंग राइट्स) शेयर शामिल हैं।
टाटा मोटर्स का शेयर मंगलवार को बीएसई में 2.19 प्रतिशत चढ़कर 859.25 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह 5.40 प्रतिशत उछलकर 886.30 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया था। टाटा मोटर्स लि. - डीवीआर शेयर 1.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 572.65 रुपये पर पहुंच गया। वहीं मारुति का शेयर 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 9,957.25 रुपये पर बंद हुआ। टाटा मोटर्स का एमकैप 2,85,515.64 करोड़ रुपये जबकि टाटा मोटर्स लि. -डीवीआर का बाजार पूंजीकरण 29,119.42 करोड़ रुपये रहा। कुल मिलाकर यह 3,14,635.06 करोड़ रुपये रहा। यह मारुति के 3,13,058.50 करोड़ रुपये के मूल्यांकन से 1,576.56 करोड़ रुपये अधिक है। सेंसेक्स और निफ्टी कंपनियों में टाटा मोटर्स सर्वाधिक लाभ में रहने वाली कंपनियों में शामिल रही।

#### अधिग्रहण आदि रोकने जारी होते हैं डीवीआर


*डीवीआर (डिफरेंशियल वोटिंग राइट्स) शेयर सामान्य इक्विटी शेयरों की तरह होते हैं लेकिन इसमें मतदान अधिकार और लाभांश अधिकार अलग होता है। कंपनियां जबरिया अधिग्रहण को रोकने, खुदरा निवेशकों को जोड़ने आदि कारणों से डीवीआर जारी करती हैं।*

# पाकिस्तान में नकली मुद्रा से निपटने जारी होंगे नए नोट

एजेंसी ⏭ कराची

- नकदी की कमी व नकली मुद्रा से निपटने केंद्रीय बैंक की घोषणा
- नए नोट सुरक्षा की अंतरराष्ट्रीय स्तर की उन्नत तकनीक से लैस होंगे

पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने नकदी की कमी और नकली मुद्रा के खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा की उन्नत तकनीक से लैस नए नोट पेश करने की घोषणा की है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने यहां पत्रकारों को बताया कि नए नोट सुरक्षा की अंतरराष्ट्रीय स्तर की उन्नत तकनीक से लैस होंगे। पाकिस्तानी मुद्रा को आधुनिक बनाने के लिए इसमें विशिष्ट सुरक्षा संख्या तथा डिजाइन का इस्तेमाल होगा। अहमद ने कहा कि यह बदलाव धीरे-धीरे किया जाएगा ताकि पाकिस्तान में सार्वजनिक स्तर पर कोई समस्या न खड़ी हो जैसा कि



अतीत में कुछ अन्य देशों में देखा गया है। हालांकि, कुछ वित्तीय विशेषज्ञों इस बात पर आश्चर्य जताया और सवाल किया कि क्या इसके साथ ही नकली नोट की समस्या तथा काले धन बाजार से निपटने के लिए 5,000 रुपये या उच्च मूल्य वर्ग के नोट का विमुद्रीकरण भी किया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नकदी की कमी से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था काले धन के अवैध इस्तेमाल से काफी प्रभावित है, जो उच्च मूल्यवर्ग के नोट के प्रचलन के कारण आसान है।

#### जनता व व्यापारियों को कोई असुविधा नहीं होगी

कैपिटल इन्वेस्टमेंट के सोहेल फारूक ने कहा, 'पाकिस्तान की मौद्रिक प्रणाली की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए यह सही कदम है, लेकिन क्या इसमें नोटबंदी शामिल होगी...यह देखना होगा।' एक अन्य बैंकर ने कहा कि केंद्रीय बैंक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नई मुद्रा लाने के दौरान जनता तथा व्यवसायों को कोई असुविधा न हो।

# निर्यात उत्पादकों के मानकों को उदार बनाने की योजना

**नई दिल्ली।** सरकार बेहतर पृष्ठभूमि वाली कंपनियों के लिए रसायनों जैसे दोहरे उपयोग वाले कुछ उत्पादों के लिए निर्यात मानदंडों को उदार बनाने की दिशा में काम कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने दोहरे उपयोग वाले उत्पादों एवं प्रौद्योगिकियों को संवेदनशील बताते हुए कहा कि इनके गैर-सरकारी इकाइयों के गलत हाथों में जाने पर ये वैश्विक स्तर पर गंभीर व्यवधान पैदा कर सकती हैं। सारंगी ने यहां रणनीतिक व्यापार नियंत्रण पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'हम उद्योग, विदेश मंत्रालय और सीमा शुल्क विभाग के साथ काम कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन कंपनियों के लिए कई क्षेत्रों को उदार बनाया जाए जिनके पास जिम्मेदार उपयोग और जिम्मेदार निर्यात की स्थापित पृष्ठभूमि है।'



#### लाइसेंस की जरूरत होती है

विशेष रसायन, संघटक, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकी (स्कोमेट) वस्तुओं के कारोबार के लिए लाइसेंस की जरूरत होती है क्योंकि वे दुनिया की रणनीतिक व्यापार नियंत्रण व्यवस्था के अधीन हैं।

## बिजनेस साइट

# एक्सिस बैंक फाउंडेशन ने जीता अर्थ केयर अवार्ड 2024

छत्तीसगढ़ में उच्च प्रभाव मेगा वाटरशेड परियोजना को दी थी मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत रूरल लाइवली हुड्स फाउंडेशन (बीआरएलएफ) के साथ साझेदारी में एक्सिस बैंक फाउंडेशन (एबीएफ) को जेएसडब्ल्यू और द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप द्वारा आयोजित अर्थ केयर अवार्ड 2024 के 11वें संस्करण में सम्मानित किया गया है। एबीएफ और बीआरएलएफ को समुदाय आधारित जलवायु कार्रवाई कार्यक्रम की श्रेणी के तहत 'छत्तीसगढ़ में उच्च प्रभाव वाटरशेड परियोजना' में उनके असाधारण कार्य के लिए मान्यता दी गई है। प्रतिष्ठित पुरस्कार ने एबीएफ और बीआरएलएफ के सतत आजीविका कार्यक्रम के उत्कृष्ट प्रयासों को मान्यता दी, जिसने नवीन भूमि और जल उपचार उपायों के माध्यम से 1 लाख से अधिक किसान परिवारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की थी। फसल गहनता में सुधार, और




जलसंभर विकास और प्रबंधन पर स्थानीय समुदाय के सदस्यों या सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (सीआरपी) की क्षमता निर्माण भी इसमें शामलि था। इस परियोजना के तहत कई प्रमुख पहलों को लागू किया गया है जिससे क्षेत्र में इसका व्यापक प्रभाव पड़ा है-वाटरशेड के निर्माण के माध्यम से मिट्टी और जल संरक्षण में सुधारः टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ाने के लिए रणनीतिक उपायों का कार्यान्वयन किया गया।

### एस एंड पी ग्लोबल सीएसए की सूची में वेदांता एल्यूमिनियम को शीर्ष स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने घोषणा की है कि वर्ष 2023 (मूल्यांकन अवधि) के लिए एल्यूमिनियम उद्योग की प्रतिष्ठित एस एंड पी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) सूची में उसने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। वेदांता एल्यूमिनियम द्वारा हासिल यह उपलब्धि दोहराती है कि कंपनी दुनिया की सबसे सस्टेनेबल एल्यूमिनियम उत्पादक बनने की ओर अग्रसर है और इस बार उसने पर्यावरणीय, सामाजिक व गवर्नेंस (ईएसजी) के मोर्चों पर अपने वैश्विक समकक्षों को पीछे छोड़ दिया है। एस एंड पी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) कंपनी के सस्टेनेबिलिटी अभ्यासों का सालाना मूल्यांकन है। एस एंड पी सीएसए में दुनिया भर की 10,000 से अधिक कंपनियों को शामिल किया जाता है।

#### पिछले साल पाया था दूसरा स्थान

सीएसए सस्टेनेबिलिटी की उन कसौटियों पर ध्यान केन्द्रित करता है जो उद्योग-विशेष एवं वित्तीय रूप से महत्वपूर्ण हों। इस समीक्षा को अग्रणी कंपनियों द्वारा प्रमुख बाहरी सस्टेनेबिलिटी मूल्यांकन माना जाता है। इससे पहले वर्ष 2022 के मूल्यांकन के अनुसार वेदांता एल्यूमिनियम ने दुनिया भर के एल्यूमिनियम उद्योग में दूसरा स्थान पाया था।

### डाबर च्यवनप्राश ने रायपुर में लांच किया 'साइंस इन एक्शन' अवेयरनैस कैंपेन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत की प्रमुख विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को आयुर्वेद के फायदों और सेहतमंद जीवनशैली के बारे में जागरुक बनाने के लिए जागरुकता अभियान 'साइंस इन एक्शन' की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत डाबर, जाने-माने आयुर्वेदिक चिकित्सकों के साथ 22 शहरों के स्कूलों में सेमिनार का आयोजन भी करेगा। इस अभियान को इस अवसर पर दिनेश कुमार, मैनेजर कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन डाबर इंडिया लिमिटेड ने रायपुर में वीएलएम इंग्लिश मीडियम स्कूल के 250 से अधिक बच्चों के लिए आयोजित एक विशेष सत्र के साथ हरी झंडी दिखाई। कैंपेन को लांच करते हुए डाबर इंडिया लिमिटेड एजीएम मार्केटंग, हेल्थ सप्लीमेन्ट्स- राकेश टहलियानी ने कहा, 'आज के दौर में सभी लोग अपने स्वास्थ्य और कल्याण का महत्व समझ रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए डाबर उन्हें विज्ञान पर आधारित जानकारी देकर परम्परा और आधुनिकता के बीच के अंतर को दूर करना चाहता है।'

#### गहन अनुसंधान के बाद प्रोडक्ट्स तैयार

इस कैंपेन 'साइंस इन एक्शन' के साथ डाबर आयुर्वेद से जुड़े मिथकों को दूर कर लोगों को सही जानकारी देना चाहता है ताकि वे आयुर्वेद के फायदों को समझें। डॉ परमेश्वर अरोरा ने कहा , गहन अनुसंधान के बाद डाबर के सभी प्रोडक्ट्स तैयार किए जाते हैं। डाबर च्यवनप्राश ने पिछले सालों के दौरान इम्युनिटी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### सरकार के तमाम प्रयास हुए विफल

# गर्त में जा रहा चीन का शेयर बाजार, सरकार के संभाले नहीं संभल रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

2021 में चीन के शेयर बाजार का जो पतन शुरू हुआ था, वह बदस्तूर जारी है। चीन की सरकार द्वारा इस पतन को रोकने के लिए किए गए तमाम प्रयास भी विफल हुए। परिणाम-स्वरूप चीनी शेयर बाजार कड़वा होता चला गया। निवेशकों का मोहभंग हुआ तो शॉर्ट-सेलिंग से पैसा कमाने वाली फर्म्स एक्टिव हो गईं। यदि शॉर्ट सेलिंग चलती रही तो चीन का 6 ट्रिलियन डॉलर का शेयर बाजार पता नहीं कहां जाकर थमेगा। इसी के मद्देनजर चीन के शीर्ष प्रतिभूति नियामक ने शॉर्ट सेलिंग को सीमित कर दिया है। हमेशा भारत के खिलाफ सोचने वाले 'दुष्ट-देश' चीन ने शेयर बाजार को शॉर्ट सेलर्स के चंगुल से बचाने के लिए शॉर्ट सेलिंग को सीमित किया है।

#### क्या होती है शॉर्ट सेलिंग

शॉर्ट सेलिंग शेयर बाजार में ट्रेडिंग का तरीका है। इसके तहत लोग अपने ब्रोकर से शेयर उधार लेते हैं और बेच देते हैं। वे इस नजरिए से बेचते हैं कि शेयर का भाव ऊपर नहीं जाएगा, बल्कि गिरेगा। जैसे ही गिरेगा, वे अपने बेचे हुए शेयर्स को कम कीमत पर वापस खरीद लेगें और उधार चुकता कर देते हैं।



#### एक दिन का करना होगा इंतजार

*नियामक ने संस्थागत निवेशकों से शेयर उधार लेने वाली सिक्योरिटीज फाइनेंसिंग कंपनियों को ब्रोकरेज को शेयर देने से पहले एक दिन इंतजार करने के लिए कहा है। बता दें कि ब्रोकरेज बाद में उन्हीं शेयर्स को शॉर्ट-सेलर्स को उधार दे देती हैं। पहले, ये शेयर तुरंत ब्रोकरेज फर्मों को उपलब्ध कराए जा सकते थे।*

#### समझे उदाहरण से

इसे उदाहरण से समझना ज्यादा आसान होगा। मान लीजिए आप एक शॉर्ट सेलर हैं। आपने एबीसी से किसी कंपनी के शेयर 100 रुपए हिसाब से उधार लिए और बाजार में बेच दिए। आपको लगता है कि शेयर का भाव कल तक 90 रुपए पर आ जाएगा। कल जैसे ही वह 90 या फिर 100 से कम किसी भी रेट पर आएगा, तो आप उसे वापस खरीद लेंगे। यदि आप 90 रुपए पर वापस खरीदते हैं तो आपको 10 रुपए का फायदा होगा। एक चीज जिसे पहले हमने 100 में बेचा था, उसे बाद में 90 में खरीद लिया। 90 में खरीदकर उसे निवेशक को वापस कर दिया, जिससे वह चीज उधार ली गई थी। यही शॉर्ट सेलिंग होती है।

#### प्रतिबंधित शेयरों का ऋण पूरी तरह होगा निलंबित

चीन के प्रतिभूति नियामक कमीशन ने कहा कि वह मेनलैंड चीन में शेयर बाजारों पर प्रतिबंधित शेयरों के ऋण को 'पूरी तरह से' निलंबित करेगा। यह आदेश सोमवार से लागू हो चुका है। इसका असर उन शेयरों पर पड़ेगा, जो कंपनी के कर्मचारियों या रणनीतिक निवेशकों के पास हैं और एक निश्चित अवधि के लिए शेयर बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित हैं, लेकिन फिर भी शॉर्ट सेलिंग के लिए दूसरों को उधार दिए जा सकते हैं।

# विशाखापत्तनम में भारत नहीं हारा कोई भी टेस्ट, इंग्लैंड को 2016 में चटाई थी धूल

## भारत बनाम इंग्लैंड, दूसरा टेस्ट 2 फरवरी से : सीरीज में बराबरी के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच विशाखापत्तनम में 2 फरवरी से खेला जाएगा। डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में होना वाला यह मैच दोनों ही दोनों ही टीमों के लिए अहम रहने वाला है। एक तरफ इंग्लैंड टीम जीत के साथ सीरीज में 2-0 की बढ़त लेने के इरादे से मैदान में उतरेगी वहीं, भारतीय टीम सीरीज में वापसी करने के मोटिव के साथ खेलेगी। भारतीय टीम का इस मैदान पर रिकॉर्ड शानदार रहा है। टीम इंडिया इस मैदान में आज तक एक भी मैच नहीं हारी है।



### इस मैदान पर लगे हैं कुल 7 टेस्ट शतक

विशाखापत्तनम में अब तक टेस्ट में कुल 7 शतक लगे हैं, जिसमें से 5 भारतीय बल्लेबाजों ने लगाए हैं। मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा यहां पर सर्वाधिक 2 शतक जड़ने वाले बल्लेबाज हैं। इस मैदान पर 1 दोहरा शतक भी लगा है, जो मयंक ने लगाया है। इस बल्लेबाज ने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में 215 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी इस पारी में 23 चौके और 6 छक्के लगाए थे।

### विशाखापत्तनम में भारत रहा अजेय

*विशाखापत्तनम में भारत ने अब तक दो टेस्ट मैच खेले हैं। इन दोनों ही मैचों में भारत ने जीत दर्ज की है। 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ इसी मैदान पर भारत ने पहले टेस्ट में 246 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2019 में भारत दौरे पर आई साउथ अफ्रीकी टीम को भी भारत ने 203 रन से हराया था।*

### इन बल्लेबाजों के चले बल्ले

*रोहित शर्मा इस मैदान पर सर्वाधिक टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने यहां पर 2 पारियों में 151.50 की औसत के साथ 303 रन अपने नाम किए हैं। उनके बाद इस सूची में कोहली (299), मयंक अग्रवाल (222) और चेतेश्वर पुजारा (207) हैं। इंग्लैंड की टीम से जॉनी बेयरस्टो ने अपनी 2 पारियों में कुल 83 रन बनाए हैं, जिसमें 1 अर्धशतक शामिल है। जो रूट ने इस मैदान पर 2 पारियों में कुल 78 रन बनाए हैं।*

## मैकुलम की भारत को ललकार 4 स्पिनर्स खिलाएगा इंग्लैंड!

*इंग्लैंड की टीम ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के 1-0 से आगे है। दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार, 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। इससे पहले इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भारत को टर्निंग पिच बनाने के लिए ललकारा है। इंग्लैंड पहले टेस्ट में 3 स्पिनर्स और 1 तेज गेंदबाज के साथ उतरा था। डेब्यूटेंट टॉम हार्टले ने अपनी शानदार गेंदबाजी के दमपर मैच का रुख पलट दिया था। ऐसे में मैकुलम ने कहा कि अगर विशाखापत्तनम की पिच स्पिनर्स के लिए ज्यादा मददगार रही तो इंग्लैंड 4 स्पिनर्स को खिलाने में संकोच नहीं करेगा। भारत की पहले टेस्ट में हार के बाद सबकी निगाहें विशाखापत्तनम के विकेट पर होगी। क्या यह भी विकेट हैदराबाद की तरह स्लो और लो रहेगी या फिर रैंक टर्नर देखने को मिलेगा। भारतीय टीम की बल्लेबाजी कमजोर है। विराट कोहली के बाद केएल राहुल और रविंद्र जडेजा दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं, ऐसे में शायद ही रैंक टर्नर देखने को मिले।*



***इन स्पिनर्स को मिल सकता है मौका :*** *अगर इंग्लैंड 4 स्पिनर्स के साथ उतरा तो जैक लीच, रेहान अहमद और टॉम हार्टले के अलावा शोएब बशीर को प्लेइंग 11 में मौका मिलेगा। बशीर वीजा संबंधी दिक्कतों के कारण देर से भारत और इंग्लैंड की टीम से हैदराबाद टेस्ट के चौथे दिन जुड़े।*

## खबर संक्षेप



### ईराक को हराकर जोर्डन क्वार्टर फाइनल में

**अल रेयान (कतर)।** ऐमैन हुसैन को आखिरी क्षणों में मैदान से जाना पड़ा और दस खिलाड़ियों तक सिमटे ईराक को 3-2 से हराकर जोर्डन ने एशियाई कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हुसैन को दूसरा गोल करने के बाद अति उत्साहित होकर जश्न मनाने के कारण दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। हुसैन ने 76वें मिनट में गोल दागा। अतिरिक्त समय के पांचवें मिनट में याजान अल अरब ने बराबरी का गोल किया और निजार अल रशदान ने दो मिनट बाद विजयी गोल दागा। एक अन्य मैच में गत चैम्पियन कतर ने फलस्तीन को 2-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उसका सामना उजबेकिस्तान या थाईलैंड से होगा।

### त्रीशा-गायत्री दूसरे दौर में, अब अश्विनी-तनीषा से भिड़ंत



**बैंकॉक।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में लोक लोक लुइ और विंग युंग एनजी की हांगकांग की जोड़ी को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। छठी वरीय भारतीय जोड़ी ने पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे और 14 मिनट में 16-21 21-10 21-18 से जीत दर्ज की। हमवतन जोड़ी से भिड़ेगी ये जोड़ी त्रीशा और गायत्री अगले दौर में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की हमवतन गैरवरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। तनीषा और अश्विनी ने लिंग फैंग हू और शियाओ मिन लिन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-13 21-17 से हराया।

### मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप 5 से 11 तक



**मुंबई।** मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे जिसका आयोजन छह साल के अंतराल के बाद यहां पांच से 11 फरवरी तक होगा। इसका आयोजन क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया ब्रेबॉर्न स्टेडियम में नव-निर्मित टेनिस कोर्ट में होगा। क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया, महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ के साथ इस कार्यक्रम का सह-आयोजक है। मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि युगल वर्ग में शीर्ष 100 में शामिल छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट 'डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर' सीरीज का हिस्सा है। इन खिलाड़ियों का दिखेगा हुनर विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज अमेरिका की कायला डे टूर्नामेंट के एकल में भाग लेने वाली 32 खिलाड़ियों में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी है।

## क्रिकेट : अंडर-19 वर्ल्ड कप में मुशीर खान ने जमाया दूसरा शतक

# बड़ा भाई टीम इंडिया में, छोटा वर्ल्ड कप में जमा रहा शतक पर शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारतीय टीम ने हाल ही में साउथ अफ्रीका का सफर दौरा पूरा किया है। भारत की अंडर 19 टीम अब वर्ल्ड कप में धमाल मचा रही है। इस टूर्नामेंट में नजर एक बैटर मुशीर खान पर है जिसके बड़े भाई सरफराज खान को एक दिन पहले भारत की टेस्ट टीम में इंग्लैंड के खिलाफ चयनकर्ताओं ने मौका दिया है वहीं छोटे भाई ने अंडर 19 वर्ल्ड कप में लगातार शतकीय पारी खेल कर हंगामा मचा दिया है।*

### टीम ने अंडर 19 विश्व कप में गजब का कमाल दिखाया

*भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका में खेली जा रही अंडर 19 विश्व कप में गजब का खेल दिखाया है. लगातार तीन लीग मैच जीतकर टॉप पर रहते हुए टीम इंडिया ने सुपर सिक्स में जगह बनाई और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ दमदार चुनौती पेश की। न्यूजीलैंड की टीम ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। भारत को शुरुआती झटके देने के बाद उनकी सामना टॉप फॉर्म में चल रहे मुशीर खान से हुआ और उन्होंने धमाकेदार बल्लेबाजी कर एक और सेंचुरी ठोक डाली।*



### टीम इंडिया में शामिल सरफराज के छोटे भाई हैं मुशीर

*इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में केएल राहुल के चोटिल होने के बाद सरफराज खान का चयनकर्ताओं ने पहली बार टीम में चयन किया। बड़े भाई को खुशखबरी मिलने के एक दिन बाद ही छोटे भाई मुशीर खान ने अंडर 19 वर्ल्ड कप के सुपर सिक्स में सेंचुरी ठोक डाली। 109 गेंद का सामना करने के बाद 10 चौके और 1 छक्के की मदद से उन्होंने अपना शतक पूरा किया।*

### छोटे भाई ने लगाया रनों का अंबार

*सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर ने अंडर 19 विश्व कप में रनों का अंबार लगाया है। आयरलैंड के खिलाफ 26 जनवरी को 9 चौके और 4 छक्के की मदद से 118 रन बनाए थे। इसके बाद यूएसए के खिलाफ 73 रन की पारी खेली और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ मुश्किल में आकर सेंचुरी ठोक डाली।*



### इकलौते संस्करण में पाया अहम स्थान

*मुशीर अब अंडर-19 विश्व कप के एक संस्करण में एक से अधिक शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले शिखर धवन ने 2014 के संस्करण में 3 शतक की मदद से 505 रन बनाए थे।*

***भारत ने बनाया विशाल स्कोर :*** *मुशीर के शतक की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के बाद 295/8 का स्कोर बनाया है। उनके अलावा भारतीय सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह ने 52 रन की पारी खेली। कप्तान सहारण ने 34 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की ओर से मेसन क्लार्क ने 62 रन देते हुए सर्वाधिक 4 विकेट चटकाए। उनके अलावा रयान सोर्गस और ओलिवर तेवतिया ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।*

# आईसीसी चेयरमैन बनने जय शाह की नज़र

### एसीसी के अध्यक्ष पद से दे सकते हैं इस्तीफा!

**इंडोनेशिया के बाली में शुरू हुई एसीसी की दो दिवसीय एनुअल मीटिंग**



एजेंसी ▶▶| बाली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में सचिव के पद पर काम कर रहे जय शाह को लेकर खबर सामने आ रही है कि वह एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं जिसका कारण उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ना है, इसलिए वह यह फैसले ले सकते हैं।

मंगलवार 30 जनवरी से इंडोनेशिया के बाली में एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग का आगाज हुआ जो 2 दिन तक चलेगी। एनुअल जनरल मीटिंग में एसीसी के ब्रॉडकास्टिंग राइट्स को लेकर भी फैसला होना है। इंडोनेशिया के बाली में होने वाली एनुअल मीटिंग में एशिया के सभी क्रिकेट बोर्ड के सदस्य हिस्सा ले रहे हैं।

### कार्यकाल से पहले जय दे सकते हैं इस्तीफा

दरअसल, एसीसी अध्यक्ष पद का चुनाव 2 साल में एक बार होता है। जय शाह अपने कार्यकाल का एक साल पूरा कर चुके हैं। वो अगले चुनाव से पहले इस पोस्ट से इस्तीफा सकते हैं। मौजूदा वक़्त में ग्रेग बार्कले आईसीसी के चेयरमैन हैं। नवंबर, 2022 को हुए चुनाव में ग्रेग बार्कले को दो साल के लिए दोबारा आईसीसी का चेयरमैन चुना गया था। अब इस साल नवंबर में उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

### फिलहाल किसके एसीसी मीडिया राइट्स

*आपको बता दें कि फिलहाल डिजनी प्लस हॉटस्टार के पास डिजिटल और स्टार के पास ही टीवी राइट्स हैं। स्टार ने 8 साल पहले एसीसी मीडिया राइट्स खरीदे थे। एसीसी ने मीडिया राइट्स नीलामी के लिए सभी टॉप ब्रॉडकास्टर्स को डिनर पर इन्वाइट भी किया है। अब देखना होगा कि इस बार किसे राइट्स मिलते हैं। आईसीसी अध्यक्ष का चुनाव नवंबर मेंआईसीसी चेयरमैन बनने के लिए जय शाह एसीसी के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे सकते हैं। आईसीसी चेयरमैन यानी अध्यक्ष के लिए नवंबर के महीने में चुनाव होंगे, जिसमें जय शाह हिस्सा ले सकते हैं। चेयरमैन बनने के लिए उन्हें एसीसी के साथ बीसीसीआई का पद भी छोड़ना होगा क्योंकि आईसीसी चेयरमैन स्वतंत्र होता है।*

## नवल टाटा ने 'सडनडेथ' के जरिये सीटीसी महाराष्ट्र को हराया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

एसईआर रेल्वे कोलकता ने एक आसान मैच में साई सुंदरगढ को 8–3 गोल से व दूसरे मैच में सेल अकादमी राउरकेला ने मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को 4–1 गोल से पराजित करते हुए 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के अगले रांउड में पहुंची। वहीं एक अन्य रोमांचक व संघर्षपूर्ण मैच में नवल टाटा अकादमी जमशेदपुर ने सीटीसी महाराष्ट्र को सडनडेथ में 8–7 गोल से पराजित किया। आज मैच में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी सत्यनारायण शर्मा, शिव धकेता, संजू पटेल, अमित माथूर, शिवा चौबे, छ.ग. कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

**ऐसा रहा मैच का हाल :** स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन के पहले मैच में एसईआर कोलकता ने साई सुंदरगढ़ को एकतरफा मुकाबले में 3 के विरूद्ध 8 गोल से पराजित किया। पहले क्वार्टर के दूसरे ही मिनट में अमनदीप लकरा ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भी 24वें मिनट में रेल्वे के नोवल टोपनो ने गोल कर स्थिति 2–0 गोल पर ला दी थी। तीसरे व चौथे क्वार्टर में रेल्वे कोलकता ने एक के बाद एक 6 गोल किये जिसमें अमरजीत लकरा, पीयूष लकरा, लेबन लुगुन, दीपककिशोर एक्का, बिरसा ओरिया ने यह गोल किया। तीसरे क्वार्टर के 36वें मिनट में साई के आदित्य कुजूर ने, कप्तान इमन जोजो और आकाश एक्का ने गोल कर अपनी टीम के हार के अंतर को 8–3 गोल पर ला दिया।

**अन्य मैच में राउरकेला ने सैफई को हराया :** दूसरे खेले गये आसान मैच में सेल हॉकी अकादमी राउरकेला ने मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को 4–1 गोल से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। सेल कर ओर से कप्तान सोनू निषाद, करन लकरा, नवीन लकरा, देवनाथ ननवार ने गोल किए। सैफई के रोमित पाल ही सिर्फ एक गोल मार पाए।

**नवल टाटा व सीटीसी मुंबई में हुआ रोमांचक मैच :** स्पर्धा में अब तक का सबसे संघर्षपूर्ण मैच नवल टाटा व सीटीसी मुम्बई के मध्य खेला गया जिसमें सडनडेथ के जरिये नवल टाटा 8–7 गोल से विजय रही।

### इन्हें मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

आज के खेले पहले मैच में राजेश जैन द्वारा प्रदत्त मैन–ऑफ–द–मैच का पुरस्कार जोसेफ कोंगारी एसईसी रेल्वे कोलकता, दूसरे मैच में सोनू निषाद सेल अकादमी राउरकेला को और तीसरे मैच में भीमसेन किसकु नवल टाटा जमशेदपुर को नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

## दीप्ति शर्मा टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में संयुक्त दूसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

*भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई जबकि उनकी हमवतन रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा तीन पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई। दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर है। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई है। हरफनमौलाओं की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है। इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं।*



# भारत का चैंपियन बनने का सपना टूटा, राहिल की हैट्रिक के बाद भी नीदरलैंड ने दी 7-4 से मात

एजेंसी ▶▶| मस्कट

सिमरनजीत सिंह की कप्तानी में खेल रही भारतीय हॉकी टीम का एफआईएच हॉकी5 वर्ल्ड कप में खिताब जीतने का सपना मंगलवार को टूट गया। उसे क्वार्टर फाइनल मैच में नीदरलैंड ने 7-4 से मात दी। अब भारतीय टीम 5वें से 8वें स्थान के मुकाबले में कीनिया से मुकाबला खेलेगी।

मोहम्मद राहिल की हैट्रिक के बावजूद भारत को एफआईएच हॉकी5 पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल मैच में मंगलवार को नीदरलैंड ने 7-4 से हरा दिया। मोहम्मद राहिल ने पहले, 7वें और 25वें मिनट में गोल दागे.



उनके अलावा मनदीप मोर (11वां मिनट) ने भारत के लिए गोल किया। नीदरलैंड के लिए सैंडर डे विज्न (चौथा और 15वां) और अलेक्जेंडर शॉप (10वां और 26वां) ने 2-2 गोल किए। लुकास मिडेनडोर्प (12वां), जैमी वान आर्ट (13वां) और पेपिन रेयेंगा (20वां) ने 1-1 गोल दागा।

### पहले हाफ में दिखी कड़ी जंग

मस्कट में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच की शुरुआत काफी अच्छी रही और भारत के लिए राहिल ने पहले ही मिनट में गोल दागा। इसके बाद नीदरलैंड को सैंडर ने बराबरी दिलाई। भारत ने जवाबी हमले तेज किए और 7वें मिनट में राहिल ने टीम का दूसरा गोल दाग दिया। उन्होंने 25वें मिनट में अपनी गोल की हैट्रिक पूरी की लेकिन भारत को जीत नहीं दिला पाए। इसके बाद शॉप ने 10वें मिनट में ही स्कोर बराबर कर दिया।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 143 मैचों में से 76 में दी मात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच 2 फरवरी से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। हाल ही में कैरेबियाई टीम ने ब्रिस्बेन टेस्ट में जीत दर्ज करके सीरीज को 1-1 से बराबरी पर समाप्त किया था। ऐसे में मेहमान टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी। दूसरी तरफ स्टीव स्मिथ के नेतृत्व में कंगारू टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। वनडे में दोनों टीमों के एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### 2 फरवरी से 3 मैचों की वनडे सीरीज में होगी भिड़ंत



### ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच कुल 143 वनडे खेले गए हैं, जिसमें 76 में कंगारू टीम ने जीत दर्ज की है, जबकि 61 वनडे कैरेबियाई टीम ने अपने नाम किए हैं। इनके अलावा 3 मैचों के कोई परिणाम नहीं निकले हैं और 3 ही मैच टाई पर समाप्त हुए हैं। दोनों टीमों की पिछली 6 वनडे भिड़ंत में से 5 में ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की है।



Divisa

# आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा




100% Ayurvedic
Helps In :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness
• Eye Cleanliness
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

Dr. Juneja's EYE Mantra®


प्रयोग विधि : 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com

## रोचक खबरें

### सौरमंडल में अस्थिरता, ग्रह को हिलाने आ रहे ब्लैक होल



**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में रुचि रखने वालों ने ब्लैक होल का नाम तो जरूर सुना होगा। ये अंतरिक्ष की वो जगहें हैं, जिनके बारे में अभी तक कुछ भी पता नहीं है। ऐसा कहा जाता है कि इनके बीच से कोई भी वस्तु नहीं गुजर सकती यहां तक की रोशनी भी नहीं। अब अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने एक ऐसा अध्ययन किया है, जिससे उनकी चिंता काफी बढ़ गई है. अध्ययन में कहा गया है कि कुछ छोटे ब्लैक होल, जो ब्रह्मांड की शुरुआत से ही बन रहे हैं, पृथ्वी और सौर मंडल के अन्य ग्रहों की कक्षा को अस्थिर कर सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर यह अनुमान सही साबित होता है और ब्लैक होल सौर मंडल के पड़ोस से होकर गुजरते हैं तो इसका ग्रहों और उनके उपग्रहों की कक्षाओं पर बड़ा असर होगा। वे अपनी इच्छित कक्षा से डगमगा सकते हैं। ऐसा कहा जाता है कि ये ब्लैक होल हर दस साल में सौर मंडल से होकर गुजरेंगे। यह साधारण तथ्य कि ब्लैक होल मौजूद हैं और ब्रह्मांड की विशालता में छिपे हुए हैं, मन में बेचैनी पैदा करने के लिए पर्याप्त है। इसके घटित होने के संभावित परिणाम और भी अधिक चिंता पैदा करते हैं।

### अंतरिक्ष की घटना, शुक्र ग्रह से निकली खतरनाक लाइट



**नई दिल्ली।** शुक्र ग्रह पर टॉर्च जैसी रोशनी देखी गई! सौरमंडल के सबसे चमकीले ग्रह से हरे रंग की रोशनी निकलती देखी गई है। एक फोटोग्राफर ने इसे कैप्चर किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते ही यह फोटो वायरल हो गया। वैज्ञानिकों ने इसके रहस्य को सुलझाते हुए बताया है कि आखिर यह रोशनी कहां से आई थी। स्वीडन में एक फोटोग्राफर ने अंतरिक्ष की एक अद्भुत घटना को कैप्चर किया है। पीटर रोजन नामक शख्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जो खगोल घटनाओं में रुचि रखने वालों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। पीटर का कहना है कि यह टॉर्च जैसा फ्लैश शुक्र ग्रह से निकल रहा है। घटना के बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि स्वीडन की राजधानी में ठंडे वातावरण और हवा के तापमान में असामान्य रूप से तेज गिरावट ने एक प्रिज्म की तरह काम किया। इससे शुक्र ग्रह से निकलती रोशनी को हरे रंग में बदल दिया। इस घटना को ग्रीन फ्लैश कहते हैं। यह अक्सर सुमद्रों के ऊपर भी देखी जाती है। जब सूरज क्षितिज के पास होता है, और वातावरण एकदम साफ और शांत होता है, तो ऐसी घटना देखने को मिलती है।

# 16 हजार करोड़ में बना क्रूज शिप समुद्र में उतरा, निकला अपने पहले सफर पर

**5 गुना** विशाल है टाइटैनिक शिप से

**7600** यात्री एक बार में हो सकते हैं सवार

**2 साल** की बुकिंग फुल किराया अंडमान पैकेज से भी सस्ता



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 1912 में डूबा टाइटैनिक तो सभी को याद ही होगा। इस पर बनी मूवी ने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया था और सबसे ज्यादा ऑस्कर पुरस्कार भी अपने नाम किया। अब करीब 112 साल बाद टाइटैनिक से भी 5 गुना बड़ा क्रूज शिप समंदर में उतारा गया है। रॉयल कैरेबियन कंपनी ने इस क्रूज का नाम 'आइकन ऑफ द सी' रखा है। 27 जनवरी को यह शिप अपने पहले सफर पर निकल भी चुका है।

#### पोर्ट ऑफ मियामी से शुरू की यात्रा

आइकन ऑफ द सीकी विशालता के अलावा और भी कई खासियत है। लेकिन, आपको जो बात सबसे ज्यादा चौंकाएगी वह है इसका किराया दुनिया की इस अनोखी क्रूज यात्रा के लिए आपको अंडमान के टूर पैकेज से भी कम खर्चा करना पड़ेगा। इस क्रूज ने अपनी पहली यात्रा 7 दिनों के लिए शुरू की है, जो पोर्ट ऑफ मियामी से शुरू हुई है।

#### खासियतों से भरा है शिप

इस क्रूज की विशालता की बात करें तो 365 मीटर लंबा है, जिस पर 20 डेक बनाए गए हैं और 7,600 यात्रियों को लेकर सफर पर निकला है। इस पर 7 वॉटर वेज और 7 स्वीमिंग पूल बनाए गए हैं. इसके अलावा 40 रेस्तरां और बार भी हैं। खबर के मुताबिक, यह क्रूज टाइटैनिक से 5 गुना विशाल है। इसे तैयार करने में करीब 16 हजार करोड़ रुपए का खर्चा आया है।

#### 2 साल की बुकिंग फुल

इस क्रूज का किराया सस्ता होने की वजह से ही अनाउंस होने के बाद से ही लोग बुकिंग के लिए टूट पड़े। आलम ये है कि क्रूज पर इंटीरियर लुक वाली केबिन बुक कराने के लिए 2 साल का इंतजार करना पड़ेगा। दरअसल, 24 जनवरी 2026 से पहले की सारी बुकिंग फुल हो चुकी है। हां, अगर कोई 3,245 डॉलर (2,69,335 रुपए) खर्च करने को तैयार है तो उसे 30 मार्च की बुकिंग मिल सकती है।



#### क्रूज समंदर में चलता-फिरता शहर

'आइकन ऑफ द सी' अपने 7 दिन के पहले सफर पर निकला है। इसके किराये की बात करें तो अंडमान के 7 दिन के टूर पैकेज से भी सस्ता पड़ता है। इस क्रूज पर इंटीरियर लुक वाली केबिन लेने पर 1,723 डॉलर (1,43,009) रुपए का भुगतान करना पड़ता है। खबर के मुताबिक, अंडमान की 7 दिन की यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति 1,58,772 रुपए चुकाने पड़ते हैं। इसमें फ्लाइट का किराया शामिल नहीं है।

#### अन्य केबिन का अलग किराया

इस क्रूज पर जाने के लिए अगर आप आउटसाइड वाली केबिन लेते हैं तो 2,008 डॉलर (करीब 1,66,664 रुपए) चुकाने पड़ेंगे। इसके अलावा बालकनी की केबिन चाहते हैं तो 2,292 डॉलर (करीब 1,90,236 रुपए) का खर्चा आएगा, जबकि कोई यात्री सुइट बुक करना चाहता है तो उसे 3,245 डॉलर (2,69,335 रुपए) का भुगतान करना होगा। आइकन ऑफ द सी को 20 मंजिला बनाया गया है।

# विशालकाय सनफिश, एक बार में देती है 30 करोड़ अंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाशिंगटन

एक विशालकाय सनफिश को कैलिफोर्निया की लगुना बीच पर एक पैडलबोर्डर्स ने तैरते हुए देखा है। उन्होंने इसे सबसे बड़ी सनफिश में से एक बताया और कहा कि पानी में डूबने से पहले वही 30 मिनट तक उनके साथ रही। मछली की सटीक लंबाई का पता नहीं चला है, लेकिन पैडलबोर्ड की लंबाई 14 फीट है।

सनफिश की बनावट अलग तरह की मादा सनफिश एक बार में 300 मिलियन (30 करोड़) अंडे तक दे सकती है, किसी भी ज्ञात कशेरुकी प्रजातियों में यह सबसे अधिक संख्या है। बड़ी होने पर सनफिश अपनी चौंका देने वाली आंखों, विशालकाय सिर और लंबे पंख के लिए जानी जाती है, जिसे कभी-कभी पानी की सतह पर तैरते समय शार्क समझ लिया जाता है।



#### 10 फीट लंबी, 2,300 किलो वजन

इसलिए तस्वीरों से लगाए गए अनुमान के अनुसार सनफिश के 9 से 10 फीट लंबे होने की संभावना है। अगर अनुमानित लंबाई सही है तो यह अब तक की सबसे भारी बोनी फिश से ज्यादा लंबी है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार 1996 में जापान के तट से एक बंप-हेड सनफिश को पकड़ा गया था, जिसकी लंबाई 8.9 फीट थी और वजन 2,300 किलोग्राम था। हालांकि लगुना बीच की सनफिश उतनी लंबी नहीं है, जितनी उत्तरी अफ्रीका के तट पर पकड़ी गई एक जंबो साइज फिश थी।

मैदानों में रहता है और पौधों को खाकर जिंदा रहता है

# सिक्किम में पहली बार दिखा लंबे-लंबे बालों वाला अद्भुत दुर्लभ भूरा भालू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सामान्य रूप से हम सभी ने भालू को अपने काले रंग में देखा होगा, जिसके शरीर पर लंबे-लंबे बाल होते हैं लेकिन भारत में पहली बार तब्बिती भूरा भालू नजर आया है। सिक्किम वन विभाग के कैमरों ने सिक्कमि के पहाड़ी इलाकों में दुर्लभ प्रजाति के भालू की तस्वीर कैद की हैं। अधकिारयिों ने बताया कि ये कैमरे मंगन जिले के हाई एल्टीट्यूड वाले इलाके पुचुंग लछेन्पा में लगाए गए थे और दिसंबर 2023 में रात के वक्त इसमें भालू को रिकॉर्ड किया गया। पश्चिमी हिमालय, काराकोरम, हिंदू कुश, पामीर, पश्चिमी कुनलुन शान और दक्षिणी एशिया में तियान शान पर्वतमाला पर इनकी अच्छी खासी संख्या है।



#### भूरे भालू बेहद दुर्लभ


भारतीय वन सेवा के अधिकारी ने भूरे भालू को बेहद दुर्लभ बताकर तस्वीर शेयर की। अफसर ने लखिा, आप दुर्लभ तिब्बती भूरे भालू की पहली तस्वीर देख रहे हैं। इसके साथ ही भारतीय वन्य जीवों में एक और उपप्रजाति जुड़ गई है। यानी अभी बहुत सारा भारत घूमना बाकी है।

#### काले भालू से इसकी फितरत अलग

यह भालू अपनी शक्ल, आवास और व्यवहार के मामले में आम तौर पर पाए जाने वाले हिमालयी काले भालू से बहुत अलग है। सर्वाहारी उच्च ऊंचाई वाले अल्पाइन जंगलों, घास के मैदानों और 4000 मीटर से ऊपर के मैदानों में रहता है और पौधों को खाकर ज़िंदा रहता है।

#### नीले भालू के रूप में पहचाना जाता है

तिब्बती भूरा भालू, इस तिब्बती नीले भालू के रूप में भी जाना जाता है, दुनिया में भालू की सबसे दुर्लभ उप-प्रजातियों में से एक हैं। इन्हें जंगलों में कभी नहीं देखा गया। भारत में ये पहली बार नजर आया है। हालांकि, नेपाल, भूटान और तिब्बती पठार में कई बार कैप्चर किया जा चुका है।



### मंगल में मिली तीन किलोमीटर गहराई तक बर्फ की परत

**वाशिंगटन।** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस ने मंगल ग्रह के सबसे रहस्यमय स्थानों में से एक मेडुसे फॉसे फॉर्मेशन (एमएफएफ) को लेकर नया दावा किया है। इसको मंगल की सतह के नीचे बड़े स्तर पर जल बर्फ जमाव की उपस्थिति का पता चला है। इस खोज से पता चलता है कि इस क्षेत्र में मंगल के भूमध्य रेखा के पास पानी के बर्फ का सबसे बड़ा ज्ञात भंडार है, जो ग्रह के जलवायु इतिहास के बारे में पिछली धारणाओं को चुनौती देता है। हालिया शोध दोनों को लीड करने वाले स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के थॉमस वॉटर्स ने बताया है कि उनकी खोज के नए नतीजों से संकेत मिलता है कि मंगल पर जमा पानी शुरुआती अनुमान से काफी अधिक है, ये सतह से 3.7 किलोमीटर नीचे तक फैला हुआ है।

रिसर्च

चोट लगने पर कर लेती हैं अपना इलाज, खुद ही बना लेती हैं एंटीबायटिक

# चींटियों में गजब का पाया जाता है हेल्थ केयर सिस्टम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुदरत में बहुत कुछ वैज्ञानिक तरीके से ऐसा होता है, जिसे जानकर आश्चर्य होता है। लेटेस्ट रिसर्च से यह पता चलता है कि चीटियां खुद को लगी चोट को खुद ही ठीक कर लेती हैं और इतना ही नहीं इसके लिए वे खुद ही एंटीबायटिक बना लेती हैं। शोधकर्ताओं ने इस चौंकाने वाली खोज में पाया है कि मेटाबेल चींटियों में एक शानदार उन्नत हेल्थकेयर सिस्टम होता है जो चींटियों में क्या किसी भी जानवर में इससे पहले नहीं देखा जा सका है।

**घायल साथियों को घर ले आती हैं :** यूनिवर्सिटी ऑफ वुर्जबर्गक के विशेषज्ञों का कहना है कि ये चींटियां ना केवल संक्रमित हो चुके घावों की पहचान कर सकती हैं बल्कि इनके इलाज के लिए दवा भी खुद ही बना लेती हैं। रोचक बात यह है कि ये अपनी घायल साथियों वापस अपने घरों पर लाती हैं और उनकी देखभाल करती हैं।



**रोगाणुओं से लड़ने के लिए खास तरीके :** चींटियों सहित कई सामाजिक कीटों में देखने में आया है कि वे रोगाणुओं से लड़ने के लिए खास तरीके इस्तेमाल करते हैं। फिर भी समाजिक कीटों की कॉलोनी में देखभाल कैसे की जाती है और वे संक्रमणों से कैसे निपटा जाता है यह अच्छे से समझा नहीं गया था।

**रेगिस्तान की चीटियों का भोजन दीमक :** सहारा रेगिस्तान में रहने वाली मेटाबेल चींटियों में खास तरह की खुराक होती है, वे दीमक का शिकार कर उनको खाती हैं। शिकार करने दौरान उन्हें कई खतरों का सामना करना होता है। मेटाबेल चींटियों को शिकार करने की वजह से वे कई बार घायल हो जाती हैं।

#### चींटी की इंजीनियरिंग इंसानों से बेहतर

चींटी इंसानों के लिए एक हैरान करने वाली जीव हैं। जिस तरह से वे मेहनत करती हैं मिलजुल कर अपने घर बनाती हैं, वह इंजीनियरों तक को प्रेरणा देता है। वे अपने घर या घोंसलों को डिसइन्फेक्ट रखने जैसे कई रोकथाम के उपाय करते हैं। यहां तक कि कई कीटों को तो आइसोलेशन जैसे उपाय भी अपनाते हुए पाया गया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग



जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's डा. ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है

वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये

इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है

आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।



Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com
Available at all medical & general stores

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com